भाद्रपद शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 130 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

25 अक्टूबर 2023 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

32 अधिकतम

18 न्यूनतम



Page- 7

## विधानसभा चुनावः कांग्रेस ने असंतोष व जाति समीकरण सुधारने किया बदलाव, बांगरे पर सस्पेंस




# कांग्रेस ने बदले चार टिकट, चार का दबाव बाकी, भाजपा उम्मीदवारों ने नामांकन भरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टिकट वितरण से उपजे असंतोष व बगावत के बीच आज कांग्रेस ने बैकफुट पर आकर चार टिकट बदल दिये, इसके पहले आई सूची में भी तीन टिकट बदले गये थे। पार्टी ने अब वोटों केगणित व जातीय समीकरणों का ध्यान रखते हुए उम्मीदवार बदले हैं। इस तरह के अभी एक और परिवर्तन सूची की उम्मीद है। हालांकि कांग्रेस ने बैतूल की आमला सीट पर 'अंतिम फैसला' होल्ड किया है। यहां से नौकरी से इस्तीफा देने वाली राप्रसे अधिकारी निशा बांगरे को टिकट देने की उम्मीद है, उनका इस्तीफा कल ही मंजूर हुआ है। पार्टी यहां उम्मीदवार तय कर चुकी है। निवाडी में भी टिकट बदलने के आसार बने हुए हैं। दूसरी तरफ भाजपा उम्मीदवारों के पर्चा दाखिल करने का सिलसिला आज चल रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नरसिंहपुर में प्रहलाद पटेल का पर्चा दाखिल कराने पहुंच रहे हैं, वे चार स्थानों पर सभा भी कर रहे हैं। उधर कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ कल छिंदवाड़ा में पर्चा दाखिल करेंगे।

आज सुबह कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची में सुमावली सीट से अजब सिंह कुशवाह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इससे पहले कुलदीप सिकरवार को टिकट दिया गया था,तब भी कांग्रेस के भीतर आश्चर्य जताया जा रहा था। इसी तरह पिपरिया से अब वीरेंद्र बेलवंशी उम्मीदवार बनाए गए हैं। जबकि पहली सूची में कांग्रेस ने यहां से गुरूचरण खरे को टिकट का ऐलान किया था। बड़नगर से मौजूदा विधायक मुरली मोरवाल फिर उम्मीदवार होंगे, टिकट कटने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भोपाल में जोरदार प्रदर्शन किया था और केरोसिन तक छिड़क लिया था। कांग्रेस ने चौथा टिकट परिवर्तन जावरा सीट पर किया है तथा वीरेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दे दिया है। यहां हिम्मत श्रीमाल की उम्मीदवारी वापस ली गई है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अभी होशंगाबाद (नर्मदापुराम) सीट पर भी दुविधा में हैं, यहां कांग्रेस व भाजपा की ओर से दो भाई आमने सामने आ गये हैं और यहां भी पार्टी के स्थानीय नेताओं का दबाव है, सिवनी मालवा में भी टिकट का असंतोष थम नहीं रहा है।



### शिवराज- कमलनाथ की सभाएं

आज सीएम शिवराज आज नरसिंहपुर, बैतूल,हरदा व नर्मदापुर का चुनावी दौरा कर रहे हैं वे सभा भी संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ कल छिंदवाडा में नामांकन दाखिल करेंगे,इसके बाद वे 27 अक्टूबर को बैतूल के शाहपुर में सभा करेंगे। अगले दिन 28 को दमोह में प्रियंका गांधी की रैली व सभा में शामिल होंगे और 29 अक्टूबर को रायसेन व कुरवाई में सभा करेंगे। बताया जाता है कि 30 अक्टबूर को नाथ का इंदौर में उम्मीदवारों के लिये सभा का कार्यक्रम हैं।









## निशा ने कहा-मैं चुनाव लडूंगी कांग्रेस अपना स्टेंड बताए

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद अब कांग्रेस उन्हें अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित करने की तैयारी में हैं। हालांकि पूर्व घोषित उम्मीदवार को मनाने का प्रयास किया जा रहा है। काफी जद्दोजहद के बाद सरकार ने उनका इस्तीफा मंजूर किया है। इसके बाद देर रात चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। इंटरनेट मीडिया पर निशा बांगरे ने अपने समर्थकों को एक संदेश दिया, जिसमें उन्होंने लिखा- मैं चुनाव लड़ेगी। बुधवार, गुरुवार या शुक्रवार को नामांकन दाखिल करूंगी। लड़े हैं जीते हैं, लड़ेंगे जीतेंगे। बांगरे बैतूल की आमला सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थीं। राज्य शासन द्वारा उनके त्यागपत्र पर फैसले में देरी को देखते हुए पार्टी ने मनोज मालवे को प्रत्याशी घोषित कर दिया। छतरपुर एसडीएम रहीं निशा बांगरे के विरुद्ध 21 अगस्त को सिविल सेवा आचरण नियम 1985 का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए विभागीय जांच शुरू की गई थी। बांगरे ने अपने बैतूल स्थित आवास पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया था, इसमें शामिल होने के लिए उन्होंने अनुमति मांगी थी। शासन ने अनुमति नहीं दी पर वे इसमें शामिल हुईं और फिर सेवा से त्यागपत्र दे दिया। लगभग एक महीने चले इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस के तमाम बड़े नेता निशा बांगरे के पक्ष में खड़े नजर आए।



### प्रहलाद का पर्चा

केंद्रीय मंत्री और नरसिंहपुर से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले गोटेगांव में नर्मदा नदी पर प्रार्थना की। पटेल ने कहा-हम पीढ़ियों से इस परंपरा का पालन करते आ रहे हैं। नर्मदा नदी समाज को बेहतर कार्य करने और सेवा करने की प्रेरणा देती है। आज पटेल के अलावा भाजपा सांसद राव उदय प्रताप सिंह, विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश अपना नामांकन फार्म दाखिल करेंगे। इस अवसर पर नामांकन रैली व आम सभा का आयोजन किया गया है। 27 अक्टूबर को गोटेगांव से कांग्रेस प्रत्याशी एनपी प्रजापति अपना नामांकन भरेंगे और शेखर चौधरी भी अपना नामांकन भरेंगे।



## कनाड़ा में पीएम मोदी का पुतला जलाने से तनाव

**ओटावा, एजेंसी।**

कनाडा के इस शहर में दशहरे के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले को खलिस्तानियों द्वारा जलाने की खबरें हैं। साथ ही भारतीय दूतावास के अधिकारियों के पुतले भी जलाए गए। पिछले महीने भी इसी तरह की घटना हुई थी। यहां पर ओटावा में भारत के उच्चायोग के अलावा टोरंटो और वैंकूवर में काउंसलर की इमारतों के बाहर बंद सड़कों पर कनाडाई सिखों ने प्रदर्शन किया था। ये सिख जून में हुई खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का विरोध करने के लिए इकट्ठा हुए थे। इस दौरान भी उन्होंने तिरंगे के अलावा पीएम का पुतला जलाया था।

## इसरो अध्यक्ष ने लिखी आत्मकथा; अब करेंगे युवाओं को प्रेरित

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ एक ऐसा नाम हैं, जिनका नाम आज दुनियाभर में जाना जाता है। उन्होंने चंद्रमा पर फतह हासिल करने में देश की मदद की। अब सूरज पर भी ऐसा ही करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, अगर इसरो अध्यक्ष की शुरुआती समय की बात करें तो एक पुरानी साइकिल और एक मामूली से आवास से हुई, जिनका इस्तेमाल वह कॉलेज में रहने के दौरान परिवहन और छात्रावास के खर्चों में कटौती के लिए करते थे। एस सोमनाथ के बारे में यह छोटी छोटी जानकारी उनकी आगामी आत्मकथा में दी गई हैं, जिसे मलयालम में लिखा गया है। इसरो अध्यक्ष ने अपनी आत्मकथा प्रतिभाशाली, लेकिन आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे लोगों को प्रेरित करने के प्रयास के रूप में लिखी है।

## जेलर के विलन का हंगामा, शिकायत पर हुए गिरफ्तार

**एर्नाकुलम, एजेंसी।**

अभिनेता विनयकन को केरल पुलिस ने गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा किया है। आरोप है कि उन्होंने शराब के नशे में अपार्टमेंट में हंगामा किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायत मिली थी कि अभिनेता विनायकन अपार्टमेंट में शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे तभी यहां परेशान लोगों ने थाने में सूचना दी। पुलिस जब अभिनेता को थाने ले गई, तब उन्होंने वहां भी हंगामा किया। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# इजराइल पर यूएन में तकरार बाइडेन बोले वो खुद फैसले लेगा

**तेलअबीव नई दिल्ली, एजेंसी।**

इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब तीन सप्ताह हो रहे हैं। हमलों में मौतों का आंकड़ा सात हजार के पार चला गया है। संयुक्त राष्ट्र में भी लगातार इस जंग को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चर्चा के बीच, इस्राइल के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस पर भड़क गए। उन्होंने उनसे इस्तीफा देने की मांग कर डाली। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ तस्वीर खिंचवाते वक्त इस सवाल पर कि - 'क्या आप इस्राइल से अपने जमीनी आक्रमण में देरी करने का आग्रह कर रहे हैं?' इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस्राइल अपने फैसले खुद ले सकता है।



### ड्रोन हमले से भड़का अमेरिका, जेट व सैनिक भेजे

*इधर इजरायल और हमास में युद्ध के बीच अमेरिकी सैनिकों पर खाड़ी के कई देशों में ईरान समर्थकों के ड्रोन हमले के बाद अब अमेरिका ऐक्शन में है। अमेरिका ने अपने सबसे सफल फाइटर जेट एफ-16 को खाड़ी देशों में तैनात कर दिया है। अमेरिकी फाइटर जेट सेंट्रल कमांड के इलाके में आने वाले किसी एयरबेस पर पहुंच गए हैं। अमेरिका ने अपने 2 हजार सैनिकों को भी इजरायल भेजा है।*

## राममंदिर लोकार्पण के साथ धन्नीपुर मस्जिद शिलान्यास की मांग

**अयोध्या , एजेंसी।**

राम मंदिर निर्माण के बीच नयी मांग उठी है। दरअसल कुछ महीने बाद जनवरी में मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। खुद पीएम नरेंद्र मोदी राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचेंगे। इस बीच बीच अयोध्या के मुसलमानों ने पीएम मोदी से मांग की है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आ रहे पीएम धन्नीपुर मस्जिद की भी बुनियाद रखें। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में मंदिर और मस्जिद के लिए अलग-अलग जगहों पर जमीन मिली थी। मंदिर के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का गठन हुआ तो मस्जिद निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन बनाया गया। अभी तक धन्नीपुर में प्रस्तावित मस्जिद की आधारशिला तक नही रखी जा सकी है। ऐसे में कई वरिष्ठ मुस्लिम बुद्धिजीवियों की मांग है कि मस्जिद की आधारशिला भी पीएम द्वारा रखी जाए।



## बच्चियों को बचाने के बारे में सोचें शिवराज : दिग्विजय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य में बच्चियों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर आज एक बार फिर सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि बच्चियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है और वे इस बारे में सोचें। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया,'शिवराज जी कन्या पूजन के नाम पर अपहरण कहाँ हो रहा है? आप देख रहे हैं कि नहीं ? इसी भोपाल में आपकी नाक के नीचे। मुझे टार्गेट करने से समय बचा हो तो ज़रा बच्चियों को भी बचा लीजिए। बेटियों की सुरक्षा भी फिलहाल आपकी ही जिम्मेदारी है।' 'इसके पहले सिंह ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री चौहान के नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन को लेकर भी बयान दिया था। इसके बाद चौहान ने कल विभिन्न स्थानों पर अपने बयान में कहा कि बेटियों की पूजा सनातन संस्कार है, लेकिन इसको लेकर भी'नाटक नौटंकी'की बात की जा रही है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि सनातन और शिवराज का विरोध करते हुए कोई नेता इतने निचले स्तर पर पहुंच जाएगा कि उन्हें बेटियों के सम्मान से भी तकलीफ होने लगी है। इसके बाद आज सुबह सिंह ने इस मामले को लेकर फिर चौहान से सवाल किया है।

**मेट्रो एंकर** | वाघ बकरी चाय के मालिक की मौत के बाद देशभर में आवारा कुत्तों व डॉग लवर्स पर फूट रहा गुस्सा

# तो क्या आबादी के बराबर हो जाएं कुत्ते?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

जब से वाघ बकरी चाय के मालिक पराग देसाई की दर्दनाक मौत की खबर आई है, कुत्तों की समस्या पर बहस शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर Wagh Bakri और Parag Desai ट्रेंड करता रहा । दरअसल देसाई मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, रास्ते में कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। वह जान बचाने के लिए भागने लगे। सड़क पर फिसलकर गिर गए और कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। 50 साल के पराग को ब्रेन हेमरेज हुआ और अहमदाबाद के अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद से ही देशभर में समस्या बने आवारा कुत्तों के मामले में लोग खुलकर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं और कई डॉग लवर व ऐसे संगठन भी निशाने पर हैं। कश्मीरी पंडित खुशबू मट्टू ने ट्विटर पर लिखा, मैं दो बच्चों की मां हूं। भारत में आप कहीं भी चले जाएं खूबसूरत कश्मीर हो या मुंबई, दिलवालों की दिल्ली या टेक-प्रो हैदराबाद, आवारा कुत्तों के हमले का खतरा बना रहता है। वाघ बकरी के मालिक की मौत का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या हम कुत्तों को काटने दें? उन्होंने मांग की कि आवारा कुत्तों की नसबंदी और उनकी आबादी पर नियंत्रण कानूनन अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि जब भी कुत्ते के काटने के मामले सामने आते हैं और लोग गुस्सा जताते हैं। एनजीओ के साथ कुछ डॉग लवर्स आगे आ जाते हैं। ऐसे में खुशबू कहती हैं कि इस क्षेत्र में काम करने वाले एनजीओ का भी काम है कि आवारा कुत्तों की संख्या को सीमित किया जाए। उन्होंने लिखा, 'हम नहीं चाहते कि देश की 1.3 अरब आबादी की जगह 1.3 अरब कुत्ते ले लें।' एक यूजर श्वेता ने 'एक्स' पर लिखा कि वाघ बकरी के पराग देसाई के निधन की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। यह दिमाग को सुन्न कर देने वाली त्रासदी है। लोग कह रहे हैं कि सरकार को कुत्तों की बढ़ती समस्या पर पॉलिसी बनानी चाहिए। एक यूजर रोहित ने जवाब में लिखा कि सरकार कुछ करेगी तो कुछ डॉग लवर्स आ जाएंगे और रोना शुरू कर देंगे। मगर उन्हें करने दें लेकिन जिंदगी महत्वपूर्ण है।



इधर बिजनस जगत के कई लोगों ने सोशल मीडिया पर पराग देसाई के इस तरह निधन पर गहरा दुख और हैरानी जताई है। कई लोग लिख रहे हैं कि सरकार कुछ तो कीजिए। बीजेपी नेता चंद्रभूषण लिखते हैं कि बच्चों से लकर बड़े तक कुत्तों के हमले में जान गंवा रहे हैं। जब कुत्ते सड़क पर हों तब उधर से निकलना खौफनाक होता है। सरकार को इस पर गंभीर होना चाहिए।

# राजधानी में 1500 प्रतिमाएं विसर्जित सीसीटीवी से की जा रही निगरानी

**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** शहर में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। इस बार प्रशासन ने घाटों की निगरानी कड़ी कर दी है। सीसीटीवी कैमरे लगा दिए है, ताकि किसी भी तरह की संभावित अनहोनी को टाला जा सके। प्रत्येक घाटों पर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी है। कलेक्टर, पुलिस आयुक्त खुद अपडेट ले रहे हैं। मंगलवार दोपहर से लेकर बुधवार दोपहर तक करीब 1500 प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है। गुरुवार तक विसर्जन का सिलसिला जारी रहेगा।



## 10 घाटों पर 500 कर्मचारी तैनात

शहर के अलग-अलग 10 घाटों पर निगम ने अपने 500 से अधिक कर्मचारियों को तैनात कर रखा है। इनमें सफाई कर्मियों की संख्या अधिक है। ये शिफ्ट में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं प्रतिमा विसर्जन के लिए क्रेन किराये पर ली है, क्योंकि निगम के पास जो क्रेन है वह कम पड़ रही थी।

घाटों पर 20 से अधिक गोताखोर भी तैनात किए हैं। अप्रिय घटना से बचने के लिए विसर्जन घाट से 50 मीटर दूर वाहनों को रोका जा रहा है। मूर्तियों का क्रेन से विसर्जन करने के साथ ही श्रद्धालुओं को पानी में उतरने की अनुमति नहीं है।





## शहर के प्रमुख घाटों पर निगम ने लगाए 500 कर्मचारी, पुलिस बल भी तैनात

### मौके पर पहुंचे निगमायुक्त

*निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए बीते 24 घंटे में दो बार प्रेमपुरा, रानी कमलापति घाट, खटलापुरा, हताईखेडा व मालीखेडी विसर्जन घाटों का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने विभिन्न उपकरणों का अपने समक्ष संचालन भी कराया। प्रेमपुरा घाट पर तैनात क्रेन, प्लेटफार्म, सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रूम, फायर ब्रिगेड तथा अन्य कर्मचारी व सुरक्षा प्रबंध की जानकारी प्राप्त की और सभी व्यवस्थाओं को विसर्जन समाप्ति तक निरंतर चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए।*

### घाटों पर इस बार यह व्यवस्था भी की

निगम ने घाटों पर लाइफ जैकेट, ट्यूब्स, रस्सी, कांटा, इमरजेंसी लाइट, फायर फाइटर और रेस्क्यू वाहन तैनात हैं।

# 29 को भोपाल में होगा सिंधी साहित्य सभा का अवार्ड समारोह

## मुंबई, जयपुर, दिल्ली, अमदाबाद, नागपुर के सिंधी भाषी लेखक, कला धर्मी आएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सभा के जोनल सचिव श्री साबू रीझवानी ने बताया कि सुहिणा सिंधी समारोह के अंतर्गत देश की आठ विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। सिंधी बोली साहित्य सभा देश की जिन आठ विभूतियों को लेखन, सिंधी पत्रकारिता, चित्रकला, नाटक, गायन और संगीत साधना के लिए सम्मानित किया जाएगा। सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शंभू जयसिंघानी कार्यक्रम में शामिल होंगे। जयसिंघानी जिनकी आयु 95 वर्ष है, भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल रहे स्वतंत्रता सेनानी भी हैं। कार्यक्रम में मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी मुख्य अतिथि और राजेंद्र मनवानी विशेष अतिथि होंगे। सभा उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, साहित्य सभा की महामंत्री अंजलि तुलसियानी, दिल्ली भी कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं। सुहिणा सिंधी समारोह में रंगमंच निर्देशक कविता इसरानी के निर्देशन में साहित्य अकादमी पुरस्कृत लेखक श्री खीमन यू मूलाणी के सिंधी नाटक पोस्टकार्ड का मंचन भी किया जाएगा। सिंधी बोली साहित्य सभा प्रति वर्ष सिंधी साहित्य, कला, रंगमंच और पत्रकारिता क्षेत्र में कार्यरत उत्कृष्ट प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करती है। वर्तमान में प्रत्येक सम्मान में 50 हजार रुपए की सम्मान निधि , शाल, श्रीफल और सम्मान पट्टिका प्रदान की जाती है। भोपाल के साहित्यकार भी कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

### अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा अवार्ड 2021-22 इस प्रकार हैं

- हीरो ठाकुर, नई दिल्ली (साहित्य अवार्ड)
- भगवान अटलानी, जयपुर (अदीब अवार्ड)
- मंजूश्री आसुदानी, नागपुर (संगीत अवार्ड)
- ज्ञानचंद लालवानी अखंड सिंधु संसार, भोपाल (पत्रकारिता अवार्ड)
- प्रताप राय तनवानी, भोपाल (फनकार अवार्ड)
- भोजराज खेमानी क्रांति, मुंबई (भाषा संवर्धन अवार्ड)
- रमेश नानवानी, भोपाल (चित्रकला अवार्ड)
- किशोर लालवानी, नागपुर (नाटक अवार्ड)

## 9 अक्टूबर को होगा सिंधी नाटक पोस्टकार्ड का मंचन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा के बैनर पर 29 अक्टूबर की शाम सिन्धु भवन भोपाल में सम्मानित हो रही विभूतियां कला, संगीत और लेखन के क्षेत्र में माहिर हैं। निर्णायक समिति द्वारा इस वर्ष चित्रकला के लिए भोपाल के चित्रकार रमेश नानवाणी का चयन किया गया है। राजधानी से दो अन्य चयन हुए हैं जिनमें 94 वर्ष के गजल गायक और शास्त्रीय संगीत में सिद्धहस्त बुजुर्ग फनकार प्रताप राय तनवाणी और सिंधी अखबार अखंड सिन्धु संसार के संपादक श्री ज्ञान लालवाणी भी शामिल हैं। पुरस्कार समारोह के अवसर पर कविता इसराणी के निर्देशन में सिन्धी नाटक पोस्टकार्ड का मंचन भी किया जाएगा।

## दशहरे पर विभिन्न राजपूत प्रतिभाएं हुई सम्मानित

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश राजपूत समाज संस्था द्वारा दशहरे के अवसर पर विभिन्न सामाजिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए महासचिव दीपक चौहान ने बताया कि संस्था के चार इमली स्थित, महाराणा प्रताप सामाजिक भवन में आम सभा, दशहरा मिलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। समारोह के मुख्य अतिथि गिरी बाला सिंह, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता बेंच भोपाल 2 वा पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल तथा राजीव सिंह कार्यपालक निदेशक, भेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्री पी सी शर्मा , भदोरिया पूर्ण अध्यक्ष बी एल सिंह पूर्व अध्यक्ष भेल राजपूत समाज तथा सीनियर एडवोकेट मनोज साही मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष लेफ्टिनेंट विनय भदोरिया द्वारा की गई, इस समारोह में मोटिवेशनल स्पीकर स्वराज सिंह बघेल (आईआईटी रुड़की) ने युवाओं की दिशा बदलेगी देश की दशा विषय पर अपना प्रभावी उद्बोधन दिया । मुख्य अतिथि गीरबाला सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में समाज से आपसी घरेलू, जमीन ,जायजाद, पारिवारिक विवाद सुलझाने हेतु एक लीगल सेल का गठन करने का आहवान किया गया , जिसे मंच से संस्था अध्यक्ष लेफ्टिनेंट विनय भदोरिया द्वारा शीघ्र बनाए जाने की घोषणा की गई । , भेल के कार्यपालक निदेशक ,राजीव सिंह द्वारा समाज में आपसी एकजुट व सहयोग की भावना पर बल देते हुए अपना यथासंभव सहयोग वा मदद समाज को देने की बात कही।




## निरंकारी संत समागम में हिस्सा लेने बैरागढ़ से जाएगा जत्था

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हरियाणा के समालखा में होने वाले 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम बैरागढ़ से सैकड़ों निरंकारी अनुयायी भाग लेने जाएंगे। समागम 28, 29 एवं 30 अक्टूबर, 2023 को आयोजित किया गया है। संतनगर से निरंकारी जत्था 26 अक्टूबर को रवाना होगा। संत निरंकारी मंडल बैरागढ़ ब्रांच के संयोजक महेश वीधानी ने बताया कि बैरागढ़ भोपाल की साध संगत के लिए समागम स्थल के ग्राउंड सी में टेन्ट नंबर 379 और 380 में रूकने की व्यवस्थाएं की गई है। समागम में दुनियाभर से निरंकारी जत्था समागम में पहुंचेंगे।



# हुजूर: कांग्रेस में बागवत तय डागा लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

### नामांकन लिया, समर्थकों के साथ प्रचार शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा सीट पर कांग्रेस में बगावत की स्थिति है। लंबे समय से क्षेत्र में तैयारी कर रहे भाजपा से आए पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा ने आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। डागा ने नामांकन पत्र भी ले लिया है। डागा ने बात करते हुए कहा है कि समर्थक और हुजूर के लोग चाहते हैं, इसलिए मैं चुनाव लड़ूंगा।

बता दे कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में हारे नरेश ज्ञानचंदानी को फिर टिकट दिया है। जबकि डागा इस चुनाव में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और सुरेश पचौरी के कहने पर भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में आए थे। 2023 में टिकट की उम्मीद लगाए हुए थे। चुनाव तारीखों की घोषणा होने के पहले से जमीन स्तर पर तैयारियों में जुट गए थे। लोगों के बीच जाने, कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे थे। सामाजिक कार्यक्रमों में भी जा रहे थे। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के बहाने कार्यकर्ताओं को जुटाया भी था, जिसमें कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह भी पहुंचे थे। लेकिन ज्ञानचंदानी को टिकट मिलने के बाद से डागा नाराज चल रहे है।



समर्थकों के साथ बैठक में डागा ने अपने मन की खुलकर बात रखी थी। संकेत दिए थे कि वह चुनाव लड़ेंगे। संवाददाता से चर्चा करते हुए डागा ने कहा है वह चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। प्रचार भी शुरू कर दिया है। बड़े नेताओं के संपर्क में भी हैं।



**मेट्रो एंकर**

### श्रीराम बारात निकली, भव्य आतिशबाजी हुई

# संतनगर में 51 फीट के रावण का दहन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक संस्था नवयुवक सभा ने दशहरा महोत्सव का आयोजन किया, जिसकी शुरूआत भव्य राम बारात से हुई। रावण के पुतले के दहन और आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

नवयुवक सभा भवन में राम बारात की शुरूआत हुई। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी की सभा के पदाधिकारियों एवं विशिष्ठजनों ने आरती उतारी। राम बारात संतनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई, दशहरा मैदान पर पहुंची। सभा के अध्यक्ष विष्णु गेहानी ने सभी को विजयदशमी की बधाई दी। महापौर मालती राय ने सभी को पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा असत्य पर सत्य की जीत का पर्व सत्य पर चलने की प्रेरणा देता है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हिन्दुओं का भव्य मंदिर आकार ले रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी कुछ लोग सनातन धर्म को बीमारी बता रहे हैं, संकल्प लेना होगा धर्म युद्ध में सनातन को बीमारी कहने वाले वालों सबक सिखाना है।

मैदान पर भागवान श्रीराम ने रावण व मेघनाद का पुतला दहन किया, जैसे ही रावण का वध किया गया, दशहरा मैदान जय-जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आकर्षक आतिशबाजी का भी लोगों लुत्फ उठाया।

इससे पहले कव्वडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संतनगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।



**यह रहे मौजूद:** कार्यक्रम में मंच पर विधानसभा चुनाव में हुजूर सीट पर आमने -सामने खड़े भाजपा के उम्मीदवार रामेश्वर शर्मा और कांग्रेस के नरेश ज्ञानचंदानी मौजूद रहे। इसके अलावा मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, नवयुवक सभा के संरक्षक वासदेव वाधवानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी व अन्य विशिष्ठजन मौजूद रहे।

## पथ संचलन निकला, शस्त्र पूजा हुई

संतनगर दशहरा मैदान पर आरएसएस के स्वयं सेवकों ने शस्त्र पूजा की एवं पथ संचालन निकाला जो बस स्टैंड, ए वार्ड चंचल रोड, सराफा बाजार, गिदवानी पार्क, आरा मशीन रोड, मुख्य मार्ग, बी वार्ड, से होता हुआ दशहरा मैदान पर संपन्न हुआ। संतनगर थाने में भी शस्त्र पूजन किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पंरपरागत तरीके से पूजा अर्चना की।

## कथा और काव्य गोष्ठी में पढ़ी गई रचनाएं



**भोपाल।** सिंधु भवन, शिवाजी नगर में मासिक सिंधी कहानी और कविता गोष्ठी आयोजित की गई। सिंधु भवन के अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी ने कथाकारों और कवियों का स्वागत किया। श्याम चंदनानी के अलावा अन्य समाजसेवी एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। कवि भगवान बाबानी का कविता पाठ आधुनिक युग में लोक व्यवहार में आ रहे परिवर्तन को अभिव्यक्त किया। कवि ओपी टहलियानी पखी ने संवेदनाओं से भरपूर कविता सुनाई। हर्षा मूलचंदानी सरिता ने हास्य व्यंग्य कविता की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कवि और गायक नारी लछ्वानी, वासु किशनानी और पी एल नाथानी ने रचनाओं से वाहवाही लूटी। हास्य कवि बल्लू चोइथानी भी खूब जमे।

### बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विभिन्न कोर्स में प्रवेश लेने के लिए कर रहे हैं इंतजार

डिस्टेंस एजूकेशन ब्यूरों में अटका मामला

# भोज मुक्त विश्वविद्यालय को नैक का ग्रेड तो मिला, लेकिन डीईबी से मान्यता नहीं, अटकी प्रवेश प्रक्रिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोज मुक्त विश्वविद्यालय को नैक का ग्रेड तो मिल गया है, लेकिन अब तक डिस्टेंस एजूकेशन ब्यूरो (डीईबी) से मान्यता नहीं मिल सकती है। ऐसे में विवि में अभी तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं कर पाया है। जबकि विवि प्रशासन द्वारा अक्टूबर में एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली गई थी। विवि के अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे हैं कि डीईबी से कब तक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए मान्यता मिलेगी। इस वजह से यहां भी एडमिशन प्रक्रिया रुकी हुई है। मप्र में भोज विवि में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विभिन्न कोर्स में प्रवेश लेने के लिए इंतजार कर रहे हैं। विवि प्रशासन नैक ग्रेड मिलने के बाद यूजीसी से नए कोर्स की मान्यता लेने की आस लगाए बैठा है।

### 22 कोर्स बंद हो गए चार साल में

भोज विवि में समय से रिजल्ट, परीक्षा सहित अन्य सुविधाएं न होने के कारण विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार कम हो रही है। मापदंड पूरे न करने के कारण यूजीसी ने चार साल पहले भोज के 22 कोर्स बंद कर दिए गए। कोर्स की संख्या की घटकर 35 रह गई है। विवि में सत्र 2019-20 में छात्रों की संख्या 1,05,591 थी, जो 2021-22 में घटकर 78,623 रह गई है। तीन साल में विवि में 26,968 छात्र कम हुए हैं।

### लिस्ट से भोज विवि का नाम हटा दिया

उल्लेखनीय है कि यूजीसी ने इस वर्ष जारी लिस्ट से भोज विवि का नाम हटा दिया है। इसके चलते अभी की स्थिति में विवि नए सत्र के लिए प्रथम वर्ष में प्रवेश नहीं करा सकता है। नैक से ग्रेड के बाद एडमिशन के रास्ते खुल गए हैं। लेकिन अभी तक डीएबी से मान्यता नहीं मिलने से एडमिशन प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है।




### विधानसभा चुनाव के लिए अब नामांकन का दौर

# सभा से आयोग तक दौड़ लगा रहे दल



ओरछा में सीएम शिवराज ने सभा को संबोधित किया


ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर व उम्मीदवार माया सिंह ने मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया।

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राज्य में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिये मतदान के पहले अब नामांकन का निर्णायक दौर शुरू हो गया है। भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल कराने मुख्यमंत्री समेत कई भाजपा नेता क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह लगातार रोज दो तीन सभा भी कर रहे हैं। दशहरे के दिन उन्होंने ओरछा में सभा को संबोधित किया। इधर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से परिवहन मंत्री गोविंद राजपूत पर एक्शन और उम्मीदवारी वापस लेने की मांग भी की है।**


भोपाल में अस्पताल में भर्ती उमाशंकर गुप्ता से मिलने पहुंचे वीडी शर्मा

कांग्रेस मीडिया प्रमुख के.के. मिश्रा ने राजस्व और परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा उनके निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक वोट दिलाने वाले पोलिंग बूथ को 25 लाख रूपये की लालच दिये जाने के प्रामाणिक आरोपों के बाद दर्ज उनके विरूद्ध एफआईआर के बाद कहा कि यह एफआईआर एक मंत्री द्वारा आदर्श आचार संहिता के विरूद्ध सीधी चुनौती से जुड़ा मामला है। यह मामला सीधे तौर पर भ्रष्ट आचरण अपनाने की परिधि में आता है। लिहाजा, भाजपा को चाहिए कि वह राजपूत की उम्मीदवारी वापिस ले मिश्रा ने कहा कि ऐसा ही आचरण भाजपा के ही राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने अपनाया था।

### शिवराज बोले - कांग्रेस कुछ भी कहे मैं कन्या पूजन करूंगा

इधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा है कि मैं बहनों और बेटियों को देवी स्वरूप मानता हूं इसलिए बेटियों के पांव धुलता हूं। मुझे गर्व है मैं भारतीय संस्कृति का उपासक हूं। कांग्रेस वाले कुछ भी कहते रहे मैं कन्या पूजन भी करूंगा, उनके पांव पखारूंगा। ओरछा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शिवराज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा कन्या पूजन को नाटक नौटंकी बताना सनातन संस्कृति का अपमान बताया। चौहान ने कहा मुझे कहते हुए बहुत दर्द और पीड़ा है, बेटियों की पूजा सनातन का संस्कार है, कल पूरा देश बेटियों की पूजा कर रहा था। बेटियों के पांव पखारे जा रहे थे। कन्या भोज किए जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस नेता को बेटियों की पूजा नाटक-नौटंकी लगती है। इस पर कांग्रेस अपना स्टेंड साफ करे।

# तकनीकी शिक्षा एक बार फिर शुरू करेगा ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया




### 27 से इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर की काउंसलिंग, 31 अक्टूबर तक होंगे प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा एक बार फिर ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। एआईसीटीई के आदेश के तहत जारी किए नए कार्यक्रम के अनुसार 27 से 30 अक्टूबर तक इंजीनियरिंग और 27 से 31 तक आर्किटेक्चर की काउंसलिंग की जाएगी। एआईसीटीई ने तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव को आदेश देते हुए कहा है कि वे 31 अक्टूबर तक प्रवेश करा सकते हैं। प्रदेश में संचालित दो दर्जन डिप्लोमा व यूजी-पीजी डिग्री कोर्स में प्रवेश होंगे।

**अंतिम राउंड में हुए थे इंजीनियरिंग में मात्र 710 प्रवेश:** उल्लेखनीय है कि डीटीई द्वारा हाल ही में चलाए गए चार दिन के अतिरिक्त सीएलसी राउंड में इंजीनियरिंग में मात्र 710 एडमिशन हुए हैं। अभी तक

#### नए कॉलेज जुड़े, खाली सीटें अब करीब डेढ़ लाख

नए आदेश जारी होने के साथ ही प्रदेश में नए कालेजों ने आमद दर्ज करा दी है, जिससे खाली सीटों का ग्राफ बढ़ गया है। एआईसीटीई ने प्रदेश में कई कालेजों को नये कोर्स संचालित करने के लिए कालेजों को मंजूरी दी है। इसमें इंजीनियरिंग, एमबीए, फार्मेसी, पॉलीटेक्निक शामिल हैं। अब कॉलेजों की संख्या ब?ने के बाद खाली सीटों का ग्राफ ब?कर करीब डेढ़ लाख हो गया है।

इंजीनियरिंग की सभी ब्रांचों में अब तक 40,424 एडमिशन हुए हैं। करीब 29 हजार से अधिक सीटें खाली रह गई हैं। डीटीई द्वारा 20 कोर्सों की 2.14 लाख सीटों पर एडमिशन के लिए कराई गई काउंसलिंग में करीब 1.47 लाख एडमिशन हुए हैं, जबकि अभी भी करीब 66 हजार से अधिक सीटें खाली हैं।

## स्वयं पोर्टल से संचालित विभिन्न कोर्सेस के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं) पोर्टल से संचालित कोर्सेस के लिए परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय और कॉलेजों को स्वयं पोर्टल की परीक्षा की सूचना देने के लिए कहा गया है। जिससे ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो सकें।



स्वयं पोर्टल से संचालित विभिन्न कोर्सेस की परीक्षा का आयोजन एनटीए की तरफ से कराया जाता है। इसके लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन फार्म भरे जाएंगे और 31 अक्टूबर 2023 तक फीस जमा होगी। वहीं 1 से 3 नवंबर 2023 तक फॉर्म में गलतियों को सुधारा जा सकता है। जनवरी-जुलाई 2023 सत्र की सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन 30 नवंबर से 2 दिसंबर 2023 तक दो पाली में किया जाएगा। पहली पाली में 9 बजे सुबह से 12 बजे दोपहर तक परीक्षा आयोजन किया जाएगा। वहीं दूसरी पाली में 3 बजे दोपहर से 6 पजे शाम तक परीक्षा होगी।

### यूजीसी नेट परीक्षा 6 से 22 दिसंबर तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यूजीसी नेट-जेआरएफ की परीक्षा 6 से 22 दिसंबर तक होगी। जबकि आवेदन 28 अक्टूबर तक किए जाएंगे। वहीं, अभ्यर्थी फार्म में करेक्शन 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे। अनुदान आयोग ने दिसंबर परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। आवेदन के लिए ओबीसी और सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 1150 रुपए देना होगा। इसके अलावा अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 600 रुपए देना होगा। वहीं थर्ड जेंडर को 325 रुपए देने होंगे।

### चुनाव में सामान्य प्रेक्षकों के लिए लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भोपाल जिले में सामान्य प्रेक्षकों के लिए लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किए गए है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बैरसिया विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक के लिए सत्यप्रकाश सैनी और मनोज चौधरी को लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया है।

इसी तरह उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रदीप तिवारी, ए नागले, नरेला के लिए अजय कुमार श्रीवास्तव, पूरन सिंह, दक्षिण-पश्चिम के लिए मनोज कुमार मिश्रा, सचिन गजभिये, मध्य के लिए सुधीर श्रीवास्तव, शाहिद खान को, गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए बीएस कुशवाहा और केसी जयसवाल को और हुजूर के लिए सुनील सोलंकी एवं अखिलेश चतुर्वेदी को सामान्य प्रेक्षकों का लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।




**मेट्रो एंकर** मप्र मानव अधिकार आयोग को भेजना होगा की गई कार्यवाही का जवाब

# दस साल से पुलिया टूटी, रहवासी परेशान, कलेक्टर को जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने 4 मामलों में संज्ञान लिया है, जिसमें 3 मामले भोपाल जिले के हैं। पहला मामला गोविंदपुरा क्षेत्र में 10 साल से पुलिया टूटी होने और जान जोखिम में डालकर रहवासियों द्वारा आवाजाही करने का है। मामले में आयोग ने कलेक्टर को जांच कराने के साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में भेजने के निर्देश दिए हैं।**

आयोग के संज्ञान में आया है कि गोविंदपुरा वार्ड 63 की चांदमारी कॉलोनी में 10 साल से पुलिया क्षतिग्रस्त है। पुलिया की हालत जर्जर हो चुकी है। यहां के रहवासियों को आवजाही के लिये भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों द्वारा शासन स्तर पर शिकायत की जा चुकी है, परंतु अब तक कुछ निराकरण नहीं हो पाया है।




**मेधावी योजना के लाभ के लिए भटक रहा छात्र:** माध्यमिक शिक्षा मंण्डलकी एक गलती के कारण मॉडल स्कूल, भोपाल के सत्र 2022-23 की कक्षा 12वीं के छात्र आशीष बागरी को मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिये भटकना प? रहा है। मामले में आयोग ने संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में जवाब भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने बैरसिया इलाके में बीते गुरुवार को ग्राम कढैया चंवर में रहने वाले एक व्यक्ति की कुएं में पानी भरते समय पैर फिसलने से मौत के मामले में कलेक्टर से मृतक के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना, नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के सम्बन्ध में प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## सुविचार

``आपकी जिन्दगी बहुत ही अनमोल और सुन्दर है, इसे फालतू और बेकार बातों में नहीं गवाएं।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# फौज का नया हथियार

पड़ोसी देश पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता एक बड़ी घटना की तरह मानी जाती है। हालांकि यह लंबे समय कभी नहीं रह पाती,मगर हाल में तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके पीएमएल पार्टी के सबसे बड़े नेता नवाज शरीफ का स्वदेश लौटना फिलहाल तो राजनीतिक स्थिरता के संकेत दे रहा है। इसमें दो राय नहीं कि वह अपने देश के एक लोकप्रिय और कद्दावर नेता रहे हैं लेकिन यह भी नहीं भूला जा सकता कि उन्हें बहुचर्चित पनामा पेपर्स लीक होने, सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री पद के अयोग्य बताए जाने, किसी भी तरह का सार्वजनिक पद लेने पर आजीवन रोक लगने और भ्रष्टाचार के मामलों में सात साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद सेहत के आधार पर लंदन जाने की इजाजत मिली थी। चार साल बाद वह तब लौटे हैं जब हाईकोर्ट से प्रोटेक्टिव बेल मिली। पाकिस्तान में रहने के दौरान वह अदालत में हाजिर भी हुए हैं और जैसा कि माना जा रहा था कि उन्हें राहत भी मिल जाएगी। इस तरह की उम्मीदों का आधार यह धारणा है कि उनकी वापसी की योजना को पाकिस्तानी फौज की मंजूरी मिली हुई है। फौज की इच्छा और इजाजत से ही यह संभव हुआ है कि जो नवाज शरीफ लंदन जाने के बाद पिछले चार वर्षों के दौरान पाकिस्तान वापसी की सोच भी नहीं पा रहे थे, वह बाइज्जत न केवल अपने देश वापस लौट आए हैं बल्कि आते ही राजनीतिक रैलियां भी करने लगे हैं। जनवरी के आखिर में ही वहां चुनाव होने हैं और लोकप्रियता में सबसे आगे चल रहे पीटीआई नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भी इसमें शामिल होंगे। फौज से बढ़ते मतभेदों के बाद पद छोड़ने को मजबूर हुए इमरान खान को भ्रष्टाचार के मामलों में जेल भी हो गई, लेकिन इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने उनके कन्विक्शन पर स्टे दे दिया है,इसके बाद इमरान के भी चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। जाहिर है, ऐसे में इमरान खान की चुनावी जीत की संभावना समाप्त करना न केवल उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए बल्कि पाकिस्तानी फौज के लिए भी जरूरी है। यह बात भी साफ है कि एक समय में जिस नवाज शरीफ की लोकप्रियता पाकिस्तानी फौज की आंखों में चुभने लगी थी, वही नवाज शरीफ आज उसे इमरान खान को रास्ते से हटाने का जरिया बनते दिख रहे हैं। यह हो पाएगा या नहीं, यह तो चुनाव नतीजे आने के बाद ही साफ होगा, लेकिन फिलहाल नवाज शरीफ की वापसी ने वहां के चुनावी मुकाबले को दिलचस्प जरूर बना दिया है। हालांकि चुनावी हार-जीत से ज्यादा बड़ा सवाल यह है कि क्या चुनाव से जीत कर आया नेतृत्व पाकिस्तान को आर्थिक संकट के दलदल से निकाल पाएगा और क्या वहां लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती मिल पाएगी। पहले सवाल का जवाब कथनी से नहीं सत्तारूढ़ होने वाले नेता की करनी से मिलेगा लेकिन जहां तक दूसरे सवाल की बात है तो जब तक अपनी मर्जी से नेताओं को सत्ता से हटाने और उन्हें वापस ला बिठाने का पाकिस्तानी फौज का खेल चलता रहेगा, तब तक पाकिस्तान की बेहतरी का बात कैसे सोची जा सकती है, अब तो पाकिस्तान के लोग भी खुलकर अपनी बदहाली व तरक्की के रुके पहियों पर सरकारों को कोसने लगे हैं। उन्हें भारत की तरक्की देखकर अपने हाल पर अफसोस गहरा रहा है, दरअसल पीढी व तकनीक में परिवर्तन नये सोच लाता है,ऐसे में यदि पाकिस्तान का आगामी चुनाव नए सोच पर केंद्रित हो गया तो परिणाम चौंका सकते हैं, मगर बात वहीं घूमकर आती है कि क्या फौज ऐसे सभी विचारों व बदलावों को अपने मुताबिक ढालने की कोशिश छोड़ेगी।

## कविता

### बड़ी ख़बर है आई !



होंगे बड़े हमले ।
जब तक ना रिहाई ।।
नहीं मामला ठंडा ।
बड़ी ख़बर है आई ।।
है विध्वंशक हमला ।
कम के ना आसार ।।
जाएगा अभी बढ़ता ।
पल पल ये प्रहार ।।
ढ़ील ना मिलने वाली ।
है कुछ तो अंजाम ।।
बातें जो निकल रहीं ।
मिल रहा पैग़ाम ।।
सिलसिला ये थम जाए ।
कोशिश हुई हज़ार ।।
बेचना पर पड़ता ।
दुनिया को हथियार ।।

– कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1415 – इंग्लैंड ने उत्तरी फ्रांस में एजिनकोर्ट की लड़ाई जीती।
- 1812 – युद्ध के दौरान अमेरिका फ्रिगेट यूनाइटेड स्टेट्स ने ब्रिटिश पोत मैसिडोनिया पर क़ब्ज़ा कर लिया।
- 1917 – बोल्शेविक (कम्युनिस्टों) व्लादिमीर इलिच लेनिन ने रूस में सत्ता हथिया ली।
- 1924 – भारत में ब्रिटिश अधिकारियों ने सुभाषचंद्र बोस को गिरफ्तार कर 2 साल के लिए जेल भेज दिया।
- 1951 – भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत हुई।
- 1962 – अमेरिकी लेखक जॉन स्टीनबेक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- 1964 – अवादी कारखाने में पहले स्वदेशी टैंक 'विजयंत' का निर्माण किया गया।
- 1971 – संयुक्त राष्ट्र महासभा में ताइवान को चीन में शामिल करने के लिए मतदान हुआ।
- 1995 – तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने संयुक्त राष्ट्र के 50वें वर्षगांठ सत्र को संबोधित किया।
- 2000 – अंतरिक्ष यान डिस्कवरी (यू.एस.ए.) 13 दिन के अभियान के बाद सकुशल वापस।
- 2005 – ईराक में नये संविधान को जनमत संग्रह में बहुमत के साथ मंज़ूरी मिली।
- 2007 – तुर्की के युद्ध विमानों ने उत्तरी इराक के पहाड़ी कुर्दिस्तान क्षेत्र में भारी बमबारी की। मध्य इण्डोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में माउंट सोपुटान ज्वालामुखी फटा।

# जीत के लिए महत्वपूर्ण युवा और महिला मतदाता

**उमेश चतुर्वेदी**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है। राजनीतिक दलों का सियासी जोड़-घटाव में जुटना स्वाभाविक है। लेकिन चुनाव आयोग के आंकड़ों पर भरोसा करें तो इन चुनावों में सबसे अहम भूमिका युवा मतदाताओं की होने जा रही है। माना जा रहा है कि जिन्होंने युवाओं को साध लिया, जीत उसके हाथ लगने की संभावना ज्यादा है। इसकी वजह है, इन राज्यों में नए वोटर बने कुल मतदाताओं की संख्या। पांचों राज्यों में करीब साठ लाख वोटर पहली बार मतदान करने वाले हैं। जाहिर है कि उनमें पहली बार वोट डालने का उत्साह है और वे अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग भी पूरे उत्साह से करेंगे।चुनाव वाले इन राज्यों में जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य मध्य प्रदेश है। यहां सर्वाधिक 22 लाख 36 हजार नए वोटर बने हैं व 230 विधानसभा सीटें हैं। औसतन हर सीट पर करीब 9722 नए वोटर होंगे। लेकिन प्रति सीट नए वोटर के लिहाज से राजस्थान की स्थिति मध्य प्रदेश से बेहतर है। राजस्थान विधानसभा चुनावों में पहली बार करीब 22 लाख चार हजार वोटर वोट डालने जा रहे हैं। राज्य की 200 विधानसभा सीटों के लिहाज से देखें तो हर सीट पर करीब 11020 नए वोटर होंगे। इसी तरह छत्तीसगढ़ में सात लाख तेईस हजार नए वोटर बने हैं जिनका प्रति सीट औसत आठ हजार तैंतीस है।



नए वोटरों के रुझान और उसके सियासी प्रभावों से पहले तीनों राज्यों में महिला वोटरों की संख्या पर ध्यान दिया जाना चाहिए। वजह यह कि पिछले कुछ चुनावों से महिलाओं के मतदान का रुझान अपने परिवारों से कुछ अलग नजर आया है। पहले माना जाता रहा कि परिवार के पुरुष मुखिया के वैचारिक रुझान के हिसाब से ही महिलाएं भी वोट देती रही हैं। लेकिन अब महिलाएं अपनी पसंद से वोट डालने लगी हैं। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी की जीत के पीछे महिलाओं और युवा वोटरों का साथ माना गया था। छत्तीसगढ़ में पुरुष वोटरों की तुलना में महिला वोटरों की संख्या ज्यादा है। यहां एक करोड़ एक लाख पुरुष वोटरों की तुलना में महिला वोटरों की संख्या एक करोड़ दो लाख है। जाहिर है, हर सीट पर करीब 1111 महिला वोटर पुरुष वोटरों की निस्बत ज्यादा हैं। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में ऐसी स्थिति नहीं है। राजस्थान में दो करोड़ 74 लाख वोटरों के सामने करीब दो करोड़ 52 लाख ही महिला वोटर हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के दो करोड़ 88 लाख पुरुष वोटरों के अनुपात में महिला वोटरों की संख्या दो करोड़ 72 लाख ही है।

इन आंकड़ों पर फौरी निगाह डालने की जरूरत विगत के मतदान में युवा और महिला वोटरों की भागीदारी के रुझान के चलते है। दोनों वर्गों के मतदाताओं ने जिसे चाहा, जीत उसे ही हासिल हुई। विगत के हिमाचल चुनावों में महिलाओं ने कांग्रेस को ज्यादा समर्थन दिया, जिसकी वजह से कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले कुल 36 हजार से कुछ ज्यादा मत मिले और वह जीतने में कामयाब रही। कुछ ऐसी ही स्थिति कर्नाटक में भी रही। वहां के स्थानीय मुद्दों खासकर पांच गारंटी और महंगाई ने महिलाओं और युवाओं को ज्यादा लुभाया। इस लिहाज से , राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनावों में भी महिला और युवा वोटर बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। शायद यही वजह कि तीनों राज्यों के दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दलों की कोशिश महिलाओं व युवाओं को रिझाने की है। महिला सम्मान निधि और युवाओं को बेरोजगारी भत्ता आदि देने के जो दनादन वायदे किये जाते रहे, उसकी वजह यही रही।

साल 1989 के चुनावों के पहले तत्कालीन राजीव सरकार ने युवाओं के मतदान के लिए उम्र सीमा को 21 से घटाकर 18 साल कर दिया था। राजीव को उम्मीद थी कि उन्हें युवाओं का साथ मिलेगा। साल 2014 के ठीक पहले सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न देने के पीछे तत्कालीन कांग्रेस सरकार की सोच सचिन को सम्मानित करने के साथ ही इसके जरिये युवाओं में पैठ बनाने की थी। हालांकि दोनों ही बार कांग्रेस का दांव नाकाम रहा। चुनावी पंडित मानते हैं कि राजीव की हार में नए बने करोड़ों वोटरों ने बड़ी भूमिका निभाई थी। हाल के वर्षों में महिलाओं ने जिस तरह खुलकर अपनी पसंद के हिसाब से मतदान करना शुरू किया है, वह छुपा नहीं है। साल 2020 के बिहार विस चुनावों में विपरीत हालात के बाद नीतीश को जीत मिली, उसकी बड़ी वजह महिलाओं का समर्थन रहा। इसी तरह 2022 के उत्तर प्रदेश विस चुनावों में योगी सरकार को महिलाओं ने खूब समर्थन दिया। पश्चिम बंगाल में ममता के साथ महिला वोटर पूरे दम से खड़ी रहीं। इन चुनावों के नतीजे सामने हैं। इस लिहाज से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनावी नतीजों का दारोमदार महिलाओं पर ही होगा। छत्तीसगढ़ में तो महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा ही हैं, इसलिए वहां तो साफ लग रहा है कि जिधर महिलाएं गईं, उसी के नेता के सिर ताज होगा। उनके वोटों में अगर युवाओं का साथ मिल गया तो उस दल के लिए वह सोने पर सुहागा ही होगा।

बहरहाल, तीनों राज्यों में चुनावी तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ऐसे में तीनों राज्यों के मैदान में सियासी छक्का लगाने के लिए उतरने वाले दल अपने-अपने हिसाब से महिलाओं और युवाओं को लुभाने की कोशिश करेंगे ताकि बाजी उनके ही हाथ लगे।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# भुखमरी है विकास एवं बढ़ती समृद्धि पर बदनुमा दाग

**ललित गर्ग**

हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 के मुताबिक, अरबपति उद्यमियों की संख्या देश में बढ़कर 1319 हो गई है। लेकिन बड़ी बात यह कि पिछले पांच साल में एक हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति वाले लोगों का आंकड़ा 76 फीसदी बढ़ गया है। निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है, साल 2047 तक विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर भारत विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान हैं दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे। इन उल्लेखनीय आर्थिक उपलब्धियों के बीच चिन्तनीय मुद्दा अमीरी गरीबी का बढ़ता फासला एवं गरीबों की दुर्दशा का होना है। अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब, यह एक गंभीर चुनौती है। पांच राज्यों में विधानसभा एवं अगल वर्ष लोकसभा में यह चुनावी मुद्दा बनना चाहिए, पर कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? राहुल गांधी ने लगातार गरीबों की दुर्दशा और अमीरों की बढ़ती दौलत का सवाल उठाया है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है।





निस्संदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है। जहां यह भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है, वही भारत के लिए एक और सूचकांक गरीबी एवं भूखमरी से जुड़ा भी सामने आया है, जो ज्यादा परेशान करने वाला है। भुखमरी एवं गरीबी से जुड़ा यह सूचकांक समृद्धि के सूचकांक के साथ सामने आया है, जो यह बताता है कि आजादी के अमृत महोत्सव तक की यात्रा का लक्ष्य जिस प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना का था, वह कहीं पीछे छूटता जा रहा है। देश में मानवीय मूल्यों और आर्थिक समानता को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? कहीं शासन-व्यवस्थाएं गरीबी दूर करने का नारा देकर अमीरों को प्रोत्साहन तो नहीं दे रही है? इस तरह की मानसिकता राष्ट्र को कहां ले जाएगी? ये कुछ प्रश्न अमीरी गरीबी की बढ़ती खाई और उसके तथ्यों पर मंथन को जरूरी बनाते हैं।

आज भी सर्वेक्षणों के अनुसार, भारत के लोग नरेन्द्र मोदी सरकार की कार्यकुशलता, उनकी दूरगामी योजनाओं और उसके द्वारा परिणाम लाने की क्षमता में बहुत विश्वास रखते हैं। निश्चित ही गरीबी भी कम हो रही है, लेकिन इसी कड़ी में भुखमरी के सर्वेक्षण में भारत दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर होना, चिन्ता को बढ़ाता है। विसंगति यह कि पिछले साल से हर क्षेत्र में विकास की घोषणाओं के बावजूद भुखमरी का यह रैंक बढ़ कैसे गया? पिछले साल 121 देशों में भारत 107वें स्थान पर था। आंकड़े बता रहे हैं कि हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात बच्चों का वजन नहीं बढ़ पाता। उन्हें पर्याप्त पोषक भोजन नहीं मिल पाता। समय से पहले और कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। वहीं हम गर्व से कहते हैं कि दुनिया में सर्वाधिक युवाओं का देश है भारत। युवा-श्रमशक्ति हमारे पास है। हम देश व दुनिया भर के लिए इस श्रमशक्ति की सस्ती दर पर आपूर्ति कर सकते हैं। देश में भुखमरी से न मरने देने की गारंटी तो दी जाती है लेकिन हर काम करने योग्य व्यक्ति को उचित रोजगार की गारंटी नहीं दी जाती, यह बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है।

गरीबी-अमीरी के असंतुलन को कम करने की दिशा में काम करने वाली वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति देते हुए इसे घातक बताया है। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी के निर्देशन में बनी गतवर्ष की वर्ल्ड इनिक्वालिटी रिपोर्ट भी भारत की आर्थिक विषमता की तस्वीर पेश करती है। इसके अनुसार 2021 में भारत के हर वयस्क व्यक्ति की औसत आय प्रतिमाह 17 हजार के करीब थी। लेकिन देश की निचली आधी आबादी की औसत मासिक आय 5 हजार भी नहीं थी, जबकि ऊपर के 10 प्रतिशत व्यक्तियों की औसत मासिक आय 1 लाख के करीब थी। शीर्ष पर बैठे 1 प्रतिशत की प्रति व्यक्ति मासिक आय लगभग चार लाख रुपए थी। क्या देश एवं दुनिया में गैर बराबरी घट रही है या बढ़ रही है? वर्ल्ड इनिक्वालिटी रिपोर्ट बताती है कि नब्बे के दशक से लेकर अब तक पूरी दुनिया में गैर बराबरी बढ़ी है। भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई और भी तेजी से बढ़ी है।

अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका 'फोर्ब्स' दुनिया के धनाढ्य बिलियनेयर लोगों की लिस्ट छापती है। फोर्ब्स की भारत के 100 सबसे अमीरों की सूची के अनुसार, मुकेश अंबानी एवं गौतम अडानी के बाद सूची में सॉफ्टवेयर टाइकून शिव नादर 29.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद सावित्री जिंदल की संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वह 24 बिलियन डॉलर वाली चौथे स्थान पर रहीं। शीर्ष पांच में एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी का भी नाम है, जिनकी संपत्ति पहले के 27.6 बिलियन डॉलर से घटकर 23 बिलियन डॉलर हो गई है। फोर्ब्स की सूची हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 के एक दिन बाद आई जिसमें भी ऐसा ही डेटा दिखाया गया था। हुरुन की सूची के अनुसार भी, मुकेश अंबानी ने गौतम अडानी को पीछे छोड़ते हुए सबसे अमीर भारतीय का खिताब फिर से हासिल कर लिया है। व्यक्तिगत तौर पर यह बात अब खास मायने नहीं रखती कि कौन किस नंबर पर है, क्योंकि दौलत का यह उठाव एक सामूहिक टेंड्रेड बन चुका है। पूंजी का बहाव भारत जैसे देशों की तरफ हो रहा है, जिनकी इकॉनमी कई लोकल और ग्लोबल वजहों से बूम कर रही है। इस लिहाज से इस दौलत का जितना रिश्ता निजी उद्यम, हौसले और अक्लमंदी का है, उतना ही उस बदलाव से भी है, जिसे हम 'नए भारत की कहानी' कहते हैं। फिलहाल हम इस बहस में नहीं पड़े कि इन उद्यमियों ने भारत को बनाया है या भारत में होना इन उद्यमियों की कामयाबी की असली वजह है। कुल मिलाकर इतना तय है कि हम इस टेंड्रेड को भारत की कामयाबी के तौर पर देख सकते हैं। क्योंकि नागरिक अपने देश की नुमाइंदी ही करते हैं। जैसे बिल गेट्स की कामयाबी अमेरिका की प्रतिभा की कामयाबी है, वैसे ही रिलायंस, अडानी, या दूसरी कंपनियों की कामयाबी भारतीय उद्यमशीलता की कामयाबी है। लेकिन हर कामयाबी अपने साथ नाकामियों का हिसाब भी लेकर चलती है, असंतुलन को न्यौतती हैं।

हमारे देश में जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी, भुखमरी, कुपोषण तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। अर्थ की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, विलास और स्वार्थ से जोड़ दिया। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है।

यह लेखक के अपने विचार हैं।

### बस स्टेंड पर प्लास्टिक की थैली में गहने लिए बैठा मिला आरोपी

# एसएसटी दल ने चेकिंग के दौरान जप्त किया 38 लाख का सोना




**नर्मदापुरम/सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

आदर्श आचार संहिता को देखते हुये जिला पुलिस कप्तान डॉक्टर गुरुकरन सिंह के निर्देश पर लगातार इटारसी पुलिस अवैध कारोबार के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।बीती रात शहर के बस स्टैंड पर एसडीएम नीता कोरी,एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान, टीआई गौरव सिंह बुंदेला के कुशल नेतृव्य में पुलिस और एसएसटी टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की।जिसमे 38 लाख से ज्यादा का सोना जप्त किया गया।यह कार्यवाही जिले की पहली कार्यवाही है जिसमे इतनी बड़ी मात्रा में सोना जप्त किया गया है।

इस कार्यवाही के सबंध में टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि बीती रात स्थानीय बस स्टैंड पर एसएसटी एवं पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी।इस दौरान रामबाबू पिता छोटेलाल राठोर प्लास्टिक की थैली लेकर बैठा हुआ था।जब उसकी थैली की जांच की तो उसमें बड़ी मात्रा में सोने के जेवर रखे हुये थे।पूछने पर उसने सोने के जेवर सबंधित बिल नही दिखाये, जिसके बाद पुलिस और एसएसटी टीम द्वारा सोने के जेवरों को जप्त किया है। जप्त किये गये जेवर की कीमत



38 लाख 69000 हजार रुपये है।बताया जा रहा है कि जिले के सभी थाने में सबसे बड़ी कार्यवाही इटारसी पुलिस द्वारा की है। एसडीएम नीता कोरी का पूरा सहयोग पुलिस को मिल रहा है।

### मंदिर में सभा करना पड़ा भारी

# भाजपा प्रत्याशी प्रेमशंकर वर्मा पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**सिवनी मालवा ।** विधानसभा 136 सिवनी मालवा में भाजपा की ओर से चुनावी मैदान मे उम्मीदवार के रूप में उतारे गए प्रेम शंकर वर्मा का नाम लिस्ट में आते ही वर्मा और उनके समर्थक अति उत्साहित दिखे।

इसी अति उत्साह में जो काम उन्हें नहीं करना था वह भी कर गए हुआ कुछ यूं की स्थानीय राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे प्रेमशंकर



वर्मा ने मंदिर प्रांगण में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ सभा को संबोधित कर दिया इस दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं का बखान कर डाला। टिकट मिलने के बाद प्रेमशंकर वर्मा ने एक रैली श्रीराम जानकी मंदिर तक निकाली। मंदिर प्रांगण में झंडे बैनर सहित सभा को संबोधित करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस बात की शिकायत राष्ट्वादी भारत पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र रघुवंशी ने की। वहीं पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसटी टीम की शिकायत कर सूचना दी थी। इसके बाद शिकायत के आधार पर वायरल वीडियो और प्रेमशंकर वर्मा के खिलाफ आचार संहिता के श्री रामजानकी मंदिर का निरीक्षण कर सही पाया जिस पर उल्लंघन का केस दर्ज हुआ है। वही एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया की सिवनी मालवा से प्रत्याशी प्रेमशंकर वर्मा पर धारा 188 के तहत प्रकरण पंजीबद किया गया।

# चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के लिए 10 हजार रुपए होगी निक्षेप राशि

### एसटी, एससी के लिए 5 हजार होगी निक्षेप राशि

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के पश्चात चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थियों से नामांकन 30 अक्टूबर 2023 दोपहर 03 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर 2023 को की जाएगी तथा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 02 नवम्बर 2023 को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए 10 हजार रूपए होगी निक्षेप राशि एसटी, एससी के लिए 5 हजार होगी निक्षेप राशि

विधानसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन के व्यय के लिए अलग से बैंक खाता होगा। निर्वाचन की अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रूपए है। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए निक्षेप राशि 10 हजार रूपए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निक्षेप राशि 5 हजार रूपए है।

राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के लिए एक प्रस्तावक तथा शेष के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक होंगे। संवीक्षा दिनांक तक अभ्यर्थी की उम्र 25 वर्ष होना आवश्यक है। अभ्यर्थी मध्यप्रदेश विधानसभा के किसी भी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता हो सकता है, किन्तु प्रस्ताव संबंधित विधानसभा का होना आवश्यक है। यदि अभ्यर्थी अन्य विधानसभा क्षेत्र का मतदाता है, उन्हें संबंधित विधानसभा की मतदाता सूची के विवरण की सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत की जानी आवश्यक है। नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थी के साथ अधिकतम 4 (1+4) व्यक्ति उपस्थित रह सकते है। एक अभ्यर्थी अधिकतम 4 नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता है। अभ्यर्थी अधिकतम दो सीटो से नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

### सुविधा एप के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन भी जमा कर सकते है नामांकन

*आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है और निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म-2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे और किसी भी अभ्यर्थी को उसके आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिये प्रारूप सी-1 एवं सी-4 देना होगा।*

# पत्रकारिता समाज सेवा है यह साबित कर अलविदा हुए जैन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संसार में आना-जाना तो लगा रहता है लेकिन जीवन के कुछ पल ऐसे होते हैं जहां कुछ ऐसे लोगों के बिछड़ने से सारा वातावरण गमगीन हो जाता है. जिनके बिछड़ने का दर्द असहनीय होता है. पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में एक ऐसा ही नाम है रतन जैन का जिनका व्यक्तित्व समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा उल्लेखनीय बना रहा.बरेली निवासी समाजसेवी पत्रकार रतन जैन के गत दिवस देहावसान से बरेली सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई.



हमेशा हंसमुख और प्रसन्न रहने वाले मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रतन जैन ने पत्रकारिता को समाजसेवा का जरिया बनाकर पीड़ित मानवता की सेवा करना ही अपना लक्ष्य समझा और वह इसी लक्ष्य को उम्र भर निभाते रहे. दीन दुखी असहाय वर्ग की जिस तरह मदद हो जाए. वह करते थे.

जैन के निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद साहू ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रतन जैन ने हमेशा समाज सेवा को ही अपना आदर्श मानकर जीवन जिया और वह हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे. उनके असमय अवसान से समाज सेवा के क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है।

बरेली के पत्रकार पवन सिलावट अखिल खरे मुकेश प्रजापति निगार हसीब आदि ने स्वर्गीय रतन जैन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जैन साहब हमेशा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में युवाओं को काफी प्रोत्साहित किया।

# कलेक्टर-एसपी ने एसएसटी चैक पोस्ट एवं आरओ कार्यालय का किया निरीक्षण

**सीहोर ।** विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिलेभर में चैक पोस्ट स्थापित कर अन्य जिलों आने वाले वाहनों की चैकिंग स्थैतिक निगरानी दल द्वारा की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह एवं एसपी श्री मयंक अवस्थी ने जिले की सीमाओं पर लगे एसएसटी चैक पोस्ट का निरीक्षण किया और एसएसटी दल के अधिकारियों-कर्मचारियों को सभी वाहनों की गहनापूर्वक चैकिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह एवं एसपी श्री मयंक अवस्थी ने बुधनी विधानसभा के लाड़कुई, छीपानेर, रेहटी एवं बुधनी में लगाए गए एसएसटी नाको का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी दल के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी संदिग्ध वाहन बिना चैकिंग



के निकलना नहीं चाहिए। संदिग्ध धनराशि, अवैध मादक पदार्थ और ऐसी वस्तुएं जिनसे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना हो, उन्हें त्वरित कार्यवाही करते हुए जब्त करें।

### राज्य स्थापना उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय पर 1 को

**विदिशा।** मध्य प्रदेश राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर को सिर्फ जिला मुख्यालय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ध्वजारोहण करेंगे। पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगान और एक संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। कलेक्टर भार्गव ने आयोजन के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधों के संदर्भ में मुख्य नगरपालिका अधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# सोना चांदी के जेवरात से भरे बैग समेत व्यक्ति को पकड़ा

### थाना जीआरपी, विदिशा को मिली बड़ी कामयाबी

**विदिशा।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत विदिशा के रेलवे स्टेशन पर चल रही सघन जांच पड़ताल में करीबन साढे उन्नीस लाख रुपये के सोने एवं चांदी से बने जेवरातों के साथ एक व्यक्ति को पकड़ने मे जीआरपी थाना विदिशा की टीम को कामयाबी मिली है। जीआरपी थाना विदिशा की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संदेहियों पर नजर रखी जा रही थी इसी दरमियान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर एक व्यक्ति को देखा गया जिसके पास काले रंग का बैग था। उक्त व्यक्ति से पूछताछ और उसके बैग की तलाशी लेने पर उसके बैग में से लगभग साढ़े उन्नीस लाख रुपए कीमती सोने और चांदी के जेवरात बरामद कर नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य मे आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचरण संहिता के पालन में मध्यप्रदेश राज्य में अवैध रुप से परिवहन किये जा रहे नगदी रुपये, मादक पदार्थ, सोने चांदी समेत अन्य कीमती धातु अथवा आभूषण, देशी-विदेशी शराब, मतदाताओं को प्रलोभित किये जाने के उद्देश्य से वितरित किये जाने वाले उपहार आदि के संबंध में जप्ती कार्यवाही हेतु जांच की जा रही है।



# अन्तर जिला सीमा के 22 चेक पोस्ट पर सघन जांच पड़ताल जारी

**विदिशा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार विदिशा जिले की सीमा में आने जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर सख्त निगरानी और आने जाने वाले प्रत्येक वाहन की जांच सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के दिशा निर्देशन में सुरक्षा टीमें अन्तर जिला मार्गो स्थित सीमा पर चेक पोस्ट के माध्यम से जांच कर रही है। अलग- अलग मार्गो पर बनाई गई जांच चौकियों के माध्यम से सुरक्षा बल विशेष निगरानी कर रहे है। दिन रात उक्त मार्गो पर आने-जाने वाले वाहनों से जांच की रही है। जिले में अन्तर जिला सीमा पर बनाए गए 22 चेक पोस्ट के स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पल पल की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** — दोनों ही पार्टी के नाराज नेता चुनाव को ले जाएंगे नई दिशा की ओर

# सिवनी मालवा में जारी है चुनावी घमासान

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जहां पर दोनों ही पार्टियों में अपनी-अपनी पार्टियों से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे स्थानीय जनप्रतिनिधियों में जमकर घमासान मचा हुआ है। घमासान की गूंज अब सिवनी मालवा से भोपाल और दिल्ली तक सुनाई दे रही है। तो इधर भाजपा से चुनावी मैदान में उतारे गए प्रेम शंकर वर्मा और कांग्रेस से युवा प्रत्याशी अजय पटेल दोनों ही चुनावी मैदान में उतरकर जनता के बीच पहुंचकर उनके द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस से नाराज एक बड़ा खेमा जो बीते रोज भोपाल पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सामने अपनी बात रखी और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को बदलने की पुरजोर मांग कर डाली अब देखना यह है कि



कांग्रेस पार्टी का सिवनी मालवा विधानसभा से प्रत्याशी को पार्टी बदल पाती भी या नहीं यह पार्टी का आला कमान का फैसला रहेगा। लेकिन कांग्रेस से प्रत्याशी बदलने की मांग कर रहे हैं इन नेताओ का इस दशा में अगर पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं बदलती है तो इनका आगमिक कदम क्या होगा यह आने वाला समय ही तय करेगा,क्या यह पार्टी का काम करेंगे या फिर निर्दलीय चुनाव में उतरेंगे यह अभी कह पाना संभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर भाजपा से टिकट मांग रहे शंभू सिंह भाटी भी राजपूत समाज के सामाजिक बंधुओ के साथ दनादन मीटिंग की जा रही है हो सकता है कि भाटी भी भाजपा का दामन छोड़ सकते हैं। वहीं कांग्रेस के राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले जितेंद्र सिंह सोलंकी भी समाज के साथ हो सकते हैं इस बात को लेकर आज राजपूत समाज की एक मीटिंग 2 बजे डोलरिया में भी होने जा रही है जो निर्णायक मीटिंग मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर सिवनी मालवा विधानसभा के भाजपा के कद्दावर नेता की टिकिट कटने के कारण वो भी कांग्रेस के संपर्क में बने हुए हैं, जन चर्चाओं का बाजार तो यहां तक गर्म है कि हो सकता है की यह जनप्रतिनिधि कांग्रेस का दामन भी थाम सकते हैं। चुनावी घमासान का दायरा सिर्फ सिवनी मालवा में ही सीमित नहीं रह गया है पूरे जिले में घमासान की स्थिति देखी जा रही है। पहली बार चुनाव में इतना घमासान होगा यह किसी ने सोचा भी नहीं था।

नर्मदा पुरम से कांग्रेस के प्रत्याशी जो टिकट की लाइन में थे उन्हें टिकट नहीं मिला तो वह भी निर्दलीय चुनाव के मूड में है वही सुहागपुर विधानसभा में भी घमासान की स्थिति निर्मित है यही स्थिति पिपरिया विधानसभा की भी है कुल मिलाकर फार्म उठाने की आखिरी तारीख तक बहुत कुछ सुनने और देखने को मिलेगा।





# यज्ञ में पूर्णाहुति के बाद, दोपहर से प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर रात भर चलता रहा, क्रेन की सुविधा भी उपलब्ध

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पिछले 10 दिनों से नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में माता रानी की आराधना का दौर चल रहा था व्रत रखकर जगत जननी की उपासना का दौड़ चल रहा था। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़ी मात्रा में झांकियां लगी हुई थी जहां पर एक से सुंदर एक प्रतिमाएं विराजमान थी अंतिम दिन दशहरे पर यज्ञ में पूर्ण होती के बाद दोपहर के बाद प्रतिमाओं को विसर्जित करने का दौर प्रारंभ हुआ जो रात भर चलता रहा ढोल नगाड़ों के साथ प्रतिमा को विसर्जन करने के लिए भक्तजन चल समारोह के रूप में प्रतिमाओं को लेकर केथन डेम में प्रशासन के द्वारा बनाए गए कृत्रिम कुंड में इनका विसर्जन किया गया छोटी प्रतिमा का विसर्जन छोटे तालाब में भी किया गया। इस बार प्रशासन द्वारा पहले से अच्छी व्यवस्था की गई थी ।शाम के समय क्रेन भी उपलब्ध हो गई थी जिसकी सहायता से बड़ी प्रतिमा को डैम के पास बनाए गए कृत्रिम कुंड में इनका विसर्जन किया गया ।एसडीएम के द्वारा अच्छा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मांग की थी इसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा इस सुविधा को उपलब्ध कराया गया इसकी मदद से प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया यहां पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे ।गोताखोर भी तैनात रहे उजाले की व्यवस्था भी कराई गई थी किसी को भी पानी के अंदर नहीं जाने दिया।वैसे भी केथन डैम में पानी कम है फिर भी प्रशासन ने सतर्कता दिखाते ही सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। हर साल कहीं ना कहीं छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घटित होती है उनसे सीख लेते हुए जिम्मेदारों के द्वारा इस बार पहले से ही उचित व्यवस्थाएं करने के दिशा निर्देश भी ऊपर से ही जारी हुए थे। इसके चलते किसी को भी पानी के अंदर जाकर प्रतिमा को विसर्जित करने की अनुमति नहीं दी गई। भक्ति भाव से प्रतिमाओं को लेकर यहां पहुंचने वास वाले श्रद्धालुओं ने सबसे पहले विधि विधान से पूजा अर्चना आरती की इसके उपरांत नम आंखों से माता रानी का विसर्जन किया गया साथ ही ज्वारों का विसर्जन भी हुआ ढोल नगाड़ों के साथ कुछ डीजे की धुन पर मैया के विदाई गीते पर युवा झूमते नाचते चल रहे थे। सुबह से ही झांकी स्थलों पर हवन प्रारंभ हो गए थे। कन्या पूजन के बाद कन्या भोज होने के उपरांत प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाने का कार्य प्रारंभ हुआ तो पूरी रात चला रहा वही झांकियां का चल समारोह भी निकलेगा। 10 दिनों से नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में नवरात्रियों की धूम मची हुई थी चारों तरफ माता रानी के जयकारे गूंज रहे थे ।एक बडकर एक प्रतिमा नगर में विराजमान दी जहां पर मैया रानी के अलग-अलग स्वरूपों के दर्शन भी हो रहे थे ।भक्ति भाव से ओतप्रोत कार्यक्रम भी चल रहे थे मंदिरों में भी भक्तों का ताता लगा रहा ।दशहरे पर भी श्री छतरी नाका हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही अन्य मंदिरों पर भी पहुंचकर भक्त ने पूजा अर्चना की आज शीतला माता मंदिर पर विशाल कन्या भोज का आयोजन भी होगा कई झांकियां में दशहरे पर भी कन्या भोज हुए जिन झांकियां में कन्या भोज नहीं हुए उनके भोज भी आज बार आने वाले दिनों में होंगे। नवमी की रात्रि में कई जगह तांत्रिक विधाओं का दौर भी देखने को मिला शहर के विभिन्न स्थानों पर टोटका की सामग्री भी रखी हुई दिखाई दी जिससे ऐसा लग रहा कुछ ना टोनी टोटके हुऐं है।



### हाथी पर सवार हुए तोशमणी (कन्ना) भाजपा की बढ़ सकती है मुश्किलें

# शोएब खान ने भी लिया नामांकन फार्म, होंगे निर्दलीय प्रत्याशी!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

धीरे-धीरे अब निर्दलीय प्रत्याषियों की संख्या बढती जा रही है और चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। वही पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं एडवोकेट षोएब खांन नें भी नामंकन फार्म लिया है कांग्रेस पार्टी ने उन्हे ढेड वर्ष पूर्व निष्कासित कर दिया था उनके उपर नगर पालिका चुनाव में फार्म खीचने का आरोप था श्री खांन ने बताया कि मुझे आखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की और से मुझे नोटिस नही भेजा था जिससे मै अपना जवाब प्रस्तुत करू पार्टी ने बिना सोचे समझे मुझे निष्कासित कर दिया इसलिए मैं निर्दलीय फार्म भरकर चुनाव लड़ूगा।

एडवाकेट षोएब खांन ने कहा कि मैने समाजवादी पार्टी से भी टिकिट मांगा है अगर मुझे टिकिट मिलता है तों मैं समाजवादी पार्टी से चुनाव लडूंगा अगर टिकिट नही मिलता है तों फिर निर्दलीय चुनाव लड़ूगा। वही भाजपा से खफा होकर बहुजन समाज पार्टी के टिकिट लेकर मैदान में तोषमणि पथी ने भी अन्य दलो की बेचेनी बडा दी है वों भी आज तहसील कार्यालय पहुँचकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ नामंकन फार्म लिया है उन्होने कहा कि मैं और मेरी पत्नि करीब बीस वर्षो से भाजपा में है और पार्षद भी है हमने पार्टी को सबकुछ माना लेकिन पार्टी ने मुझे कुछ नही माना मुझे मंडल में जगह नही दी गई व अन्य जगह भी मेरी उपेक्षा की है। श्री पंथी भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता माने जाते थे उन्होने नगर में कई बडे आयोजन कराऐं है जिनमे किक्रेट बडे बडे टुर्नामेंट के आयोजन कराऐं जिससे जनता भलि भांति परिचित है। वही देखा जाए कि श्री पंथी भाजपा को काफी नुकसान पहुँचा सकते है। वही तोषमणि पंथी उर्फ कन्ना बहुजन समाज पार्टी के टिकिट से चुनावी मैदान में है वों नगर की जनता के लिए हमेषा कार्य करते हुए दिखाई देते है अब देखना बडा दिलचस्प होगा कि कन्ना क्या बहुजन समाज पार्टी को यह सीट दिला पाते है क्या यह बडा दिलचस्प होगा। अभी खरीद कटवाने का दौड़ रहा है। इसके बाद इन्हें भरवारा जाएगा सभी दस्तावेज पूर्ण होने के बाद ही नामांकन फार्म जमा होगा इसमें किसी भी तरह की तुटी ना उसके लिए सभी दावेदार अपने-अपने वकीलों से अच्छी तरह से इनको तैयार करवाने के बाद ही जमा करवाएंगे। 30 अक्टूबर तक नामांकन फार्म जमा होंगे इसके बाद नामांकन फार्म जमा नहीं होंगे इसके अलावा अवकाश के दिनों में भी नाम निर्देश पत्र जमा नहीं होंगे।





### सिरोंज विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बेहतर स्थिति - महावीर जैन

# दावा-समाज का हर वर्ग परेशान अब बनेगी कांग्रेस की सरकार

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेष कांग्रेस कमेटी बेरोजगार प्रकोष्ठ के प्रदेष अध्यक्ष महावीर जैन का सिरोंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री जैन ने जानकी माता मंदिर करीला धाम से वासपी लौटते समय कार्यकर्ताओ से बातचीत की। साथ मीडियाकर्मियो से चर्चा करते हुए महावीर जैन ने कहा कि में मां जानकी के दरबार में अर्जी लगाने गया था। मैने मां जानकी से प्रार्थना भी कि है कि इस बार मध्यप्रदेष में कांग्रेस की सरकार बने और प्रदेष के मुख्यमंत्री कमलनाथ बने। मुझे पूरा विष्वास है कि मध्यप्रदेष में कांग्रेस की सरकार के साथ मुख्यमंत्री कमलनाथ बनेगें। वही उन्होने सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ताओ से चर्चा कि तो कार्यकर्ताओ ने बताया कि काफी लंबे समय बाद कांग्रेस पार्टी ने इस बार क्षेत्र में काफी अच्छे उम्मीददार को टिकट दिया है और कांग्रेस प्रत्याषी गगनेन्द्र रघुवंषी लगभग 50 हजार मतो से जीतेगें। कांग्रेस कार्यकर्ताओ से पोलिंग बूथ पर तैनात रहने व सोषल मीडिया को लेकर कई टिप्स दिए। वही उन्होने मीडिया को बताया कि मध्यप्रदेष का आम नागरिक काफी परेषान है साथ ही किसान,व्यापारी,युवा,बेरोजगारो के सिर पर चिंता की लकीरे साफ देखने को मिल रही है और यह चिंता की लकीरे ही साफ साफ बोल रही है कि इस बार तो कांग्रेस की सरकार ही प्रदेष में आएगी। तो वही कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने महावीर जैन का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजीव जैन सैनानी,डॉ पहलाद सिंह राजपूत,जैन समाज के महामंत्री जितेन्द्र जैन बब्लू,वरिष्ठ इंका नेता अलीम शीषगिर,युवा कांग्रेस विधानसभा मीडिया प्रभारी चेतन पंथी, इंका नेता अरमान पटेल,इकराम खान आदि मौजूद रहें।



**मेट्रो एंकर** शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान

# सड़कों पर सांडों की धमाचौकड़ी बीच सड़क पर लड़ाई से खौफ में लोग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर में आवारा पषुओं की धमाचौकडी बड गई है मुख्य मार्गो पर आवारा सांड और गायो ने कब्जा कर रखा है वही आवारा मवेषियो का जहां वहा रोडो पर बैठा हुआ देखा जा सकता है। वही आवारा कुत्तों का खौफभी लगातार बढ रहा है स्थानीय प्रषासन आवारा पषुओ के कारण आम लोगो को आ रही परेषानियों को दूर करने के लिए गंभीर नजर नही आ रही है। नगर मे आवारा पषुओं की तादात पहले से ही काफी अधिक है सबसे अधिक परेषानियां आवारा पषुओ के कारण आ रही है रात के समय मुख्य मार्गो पर बीच रोड पर बैठे आवारा मवेषी हार्न से भी नही हटते है स्वयं उतरकर हटाना पडता है। वही आवारा सांड आये दिन लोगो को घायल कर रहे है वही ठेला चालक आये दिन इन सांडो से परेषान है सब्जी मंडी में दुकानदारो की सब्जी फल को भी आवारा पषु चट कर जाते है जिससे उन्हे नुकसान होता है। यह आवारा पषु सब्जी दुकानो पर उस समय अचानक मुॅह मारते है जब दुकानदार या तो ग्राहक को सब्जी तोल रहा होता है यह फिर उसका ध्यान इधर उधर होता है।



आवारा पषुओ को गौषाला में रखने के भी पर्याप्त इंतजाम है फिर भी नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इन आवारा पषुओ को गौषाला नही भेज रही है जिससे नागरिक काफी परेषान है।

## थाने और राम मंदिर अखाड़े में हुआ शस्त्र पूजन

सिरोंज। विजयदशमी का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। वहीं थाने में थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार की मौजूदगी में सभी पुलिसकर्मियों ने थाने के शस्त्रागार में विधि विधान से शास्त्रों की पूजा अर्चना की आरती भी की। इसी तरह राम मंदिर अखाड़े में भी शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ पहलवानों के द्वारा शस्त्र पूजन यज्ञ भी हुआ आरती के बाद प्रसादी का वितरण भी किया गया। हर साल दशहरे पर विधि विधान से शास्त्रों की पूजा अर्चना की जाती है। अखाड़े के पहलवान सम्मिलित होते हैं। यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है उसका पालन आज भी देखने को मिल रहा है। सभी में दशहरे को लेकर उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण अंचलों में भी बड़े हर्षालस के साथ दशहरे का पर्व मनाया गया।







## वर्ल्ड कप में टॉप टेबल में भारत शीर्ष पर

# न्यूजीलैंड के आठ पॉइंटस, लेकिन नेट रन रेट साउथ अफ्रीका से कम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वर्ल्ड कप का 23वां लीग मैच खेला गया। जिसमें साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को हरा दिया। इस जीत के हीरो रहे 174 रन की पारी खेलने वाले क्विंटन डी कॉक और 90 रन बनाने वाले हेनरिक क्लासन। बांग्लादेश के खिलाफ जीत ने वर्ल्ड कप की पॉइंट्स टेबल में कुछ बदलाव हुए हैं। भारत पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। टीम इंडिया ने अपने पांचों मैच जीतकर 10 पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं। इंडिया को अभी 4 मैच और खेलने हैं। टेबल में दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका है। 5 मैचों में 4 जीत के साथ उसके 8 पॉइंट्स हैं। साउथ अफ्रीका को अब 4 मैच और खेलने हैं। न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। 5 में से 4 मैच जीतने वाली न्यूजीलैंड के 8 पॉइंट्स हैं। लेकिन उसका नेट रन रेट साउथ अफ्रीका से कम है।

### नीदरलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबला

आज नीदरलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच खेला जाना है। नीदरलैंड साउथ अफ्रीका को हराकर पहले ही बड़ा उलटफेर कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है और नीदरलैंड 7वीं पोजिशन पर है। ऑस्ट्रेलिया 4 मैचों में से 2 जीतकर, 4 पॉइंट्स हासिल कर सकी है। टीम को अभी 5 मैच और खेलने हैं। अगर ऑस्ट्रेलिया को 14 पॉइंट्स हासिल करने हैं और सेमीफाइनल की सीट पक्की करनी है तो उसे पांचों मैच जीतने होंगे। ऑस्ट्रेलिया एक भी मैच हारती है तो उसके 12 पॉइंट्स हो सकते हैं। ऐसे में उसे नंबर 4 पर पहुंचने के लिए नेट रन रेट बेहतर करना होगा। तब सेमीफाइनल में जगह बना सकती है।

### क्विंटन डी कॉक बने टॉप रन स्कोरर

वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका का दबदबा जारी है। टीम ने बांग्लादेश को 149 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की। इसी के साथ साउथ अफ्रीका पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर भी पहुंच गया, टीम के 5 मैचों में 4 जीत से 8 पॉइंट्स हैं। जबकि बांग्लादेश टीम 5 मैचों में 4 हार और एक जीत से 2 पॉइंट्स लेकर आखिरी नंबर पर पहुंच गया। साउथ अफ्रीका से क्विंटन डी कॉक ने 174 रन की पारी खेली, इसी के साथ वह टूर्नामेंट में टॉप रन स्कोरर भी बन गए। उनके 5 मैचों में 3 सेंचुरी से 407 रन हो गए हैं। भारत के विराट कोहली दूसरे और रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर हैं। जबकि न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर 12 विकेट लेकर बॉलर्स में टॉप पर हैं। साउथ अफ्रीका से क्विंटन डी कॉक ने 174 रन की पारी खेली, वह सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बने। साउथ अफ्रीका टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चौथी जीत दर्ज की।

### बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के सेमीफाइनल खेलने के समीकरण

साउथ अफ्रीका 5 मैच में 4 जीती है। उसे अभी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, इंडिया और अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। साउथ अफ्रीका के अभी 8 पॉइंट्स हैं। सेमीफाइनल में क्वालिफाई करने के लिए 14 पॉइंट्स जरूरी है। इतने अंक हासिल करने के लिए उसे बचे हुए 4 मैचों में से कम से कम 3 जीतने होंगे। साउथ अफ्रीका अगर 2 मैच भी जीते तो उसके 12 पॉइंट्स होंगे और फिर नंबर 4 की टीम का फैसला नेट रन रेट से हो सकता है। बांग्लादेश 5 मैचों में एक जीत के साथ सिर्फ 2 पॉइंट्स हासिल कर सकी है। साउथ अफ्रीका से हारने के बाद वो पॉइंट्स टेबल में 10वीं पोजिशन पर पहुंच गई है। बांग्लादेश को नीदरलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं। ये चारों मैच जीतने पर भी उसे सिर्फ 10 अंक ही मिलेंगे। यानी उसके सेमीफाइनल खेलने के चांस बहुत कम है।

### टॉप-5 बैटर में 2 बांग्लादेशी

बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शान्तो ने टूर्नामेंट में अब तक 2 ही मैच खेले, लेकिन वह टॉप रन स्कोरर हैं। उन्होंने 2 पारियों में 193 रन बनाए हैं। इनमें एक सेंचुरी और एक फिफ्टी शामिल हैं। शान्तो फिलहाल इंजर्ड हो कर एशिया कप से बाहर हो चुके हैं। उनके बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 3 मैच में 168 रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर बांग्लादेश के ही मेहदी हसन मिराज हैं, जिन्होंने 117 रन बनाए हैं। टीम इंडिया का कोई प्लेयर्स टॉप-5 खिलाड़ियों की रेस में भी नहीं है।

### वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 350 प्लस स्कोर खड़ा किया

क्विंटन डी कॉक ने अपने वनडे करियर का 20वां शतक लगाया, उन्होंने तीसरी बार पारी में 150 से ज्यादा रन बनाए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट और इंग्लैंड के जोस बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने वनडे में 2-2 बार 150 से ज्यादा रन की पारियां बतौर विकेटकीपर खेल रखी हैं। साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ 382 रन बनाए। टीम ने 8वीं बार 350 से ज्यादा का स्कोर बनाया। इस मामले में साउथ अफ्रीका ने 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम वर्ल्ड कप में 7 बार 350 से ज्यादा के स्कोर हैं।

# अफ्रीका टीम ने बदले टॉस के गणित टॉस की जीत में भी जीत के मंत्र



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

साउथ अफ्रीका टीम ने मंगलवार को वर्ल्ड कप 2023 में एक ओर तूफानी जीत हासिल की।बांग्लादेश को 149 रनों की बड़ी शिकस्त देकर अफ्रीकी टीम ने बेहतर रन रेट की बदौलत पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। नीदरलैंड से उलटफेर का शिकार हुई साउथ अफ्रीका टीम की यह चौथी जीत है।मजेदार बात यह है कि जिस टूर्नामेंट में ज्यादातर कप्तान टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करना पसंद कर रहे हैं,वहीं अफ्रीका टीम ने सभी मैच पहले बल्लेबाजी करके जीते हैं।पहले बल्लेबाजी करते हुए इस टीम ने इन सभी मैचों में 300 से अधिक रनों के आंकड़ा पार किया,वहीं किसी भी टीम के द्वारा वर्ल्ड कप के एक ही संस्करण में 3 बार 350 से अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया।इस टीम को मौजूद वर्ल्ड कप में एक बार चेस करने का मौका मिला जिसमे वह फिलहाल फिसड्डी साबित हुई है। शायद यही वजह है बांग्लादेश के खिलाफ मुम्बई में हुए मैच में उसने टॉस जीतकर टूर्नामेंट में चली पहले फील्डिंग करने की परंपरा के मिथक को तोड़ते हुए अपनी ताकत यानी दमदार बल्लेबाजी पर भरोसा जताया।दरअसल अफ्रीकी टीम को वर्ल्ड कप में इस बात का एहसास हो गया है कि पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़े स्कोर के दवाब से मैच आसानी से अपनी गिरफ्त में लिया जा सकता है। ऐसा करने में अभी तक यह टीम सफल भी हुई है, हालांकि अभी अफ्रीकी टीम की भिड़ंत उन दो टीमों से नहीं हुई है जो वर्ल्ड कप चेस मास्टर बनीं हुई हैं। मतलब साफ है कि टीम इंडिया और न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ अफ्रीकी टीम की भिड़ंत इस एंगल से बेहद दिलचस्प रहने वाली है। वर्ल्ड कप के लीग चरण के आधे मैच हो जाने के बाद एक बात तो लगभग साफ हो गयी है कि टॉप 3 टीमों की पोजीशन में उलटफेर भले हो जाये लेकिन सेमीफाइनल में इनकी दावेदारी बेहद मजबूत हो चुकी है। हालांकि अभी भी इस चरण में अगर मगर के दौर वाले 22 मैच खेले जाने है, जिसमें इंग्लैंड,ऑस्ट्रलिया, पाकिस्तान की टीमें अपने आप को वर्ल्ड कप के लिहाज से जीवित रखने की लड़ाई मैदान में करेंगी। जबकि अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नीदरलैंड की टीमें अपनी साख बचाते हुए किसी टीम के सपने चकनाचूर करने मैदान में नजर आयेंगी। मतलब साफ है कि 2023 वर्ल्ड कप का उत्तरार्द्ध क्रिकेट के नजरिये से बहुत रोमांचक रहने वाला है।अभी तक हुए मैचों में भले ही टॉस हारने वाली ज्यादातर टीमों के खाते में जीत दर्ज हुई है, लेकिन जिस अंदाज में साउथ अफ्रीका टीम ने पहले बल्लेबाजी कर लगातार बड़ी जीत हासिल की हैं, उसके बाद सभी टीमों का नजरिया टॉस के नये गणित बना सकता है।हालांकि उसके लिये टीम का संयोजन भी अफ्रीकी टीम की तरह बल्लेबाजी व गेंदबाजी में संतुलित होना चाहिए।

# वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस गेल लीजेंड्स क्रिकेट से कर रहे वापसी

**चेन्नई, एजेंसी**

वेस्टइंडीज दिग्गज खिलाड़ी क्रिस गेल लीजेंड्स क्रिकेट लीग आएंगे। गेल सोशल मीडिया पर मैसेज शेयर कहा कि, वें क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। गेल भारत में होने वाली लिजेंड्स क्रिकेट लीग का हिस्सा होंगे। गेल गुजराट जायंट्स टीम से खेलेंगे। 18 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट का आयोजन होगा। क्रिस गेल ने टी20 में अब तक 1056 छक्के लगाए हैं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज यह कारनामा नहीं कर सका है। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के ही किरोन पोलार्ड है। उन्होंने 828 छक्के लगाए हैं। टी20 की एक पारी में सबसे अधिक 18 छक्के का रिकॉर्ड भी गेल के ही नाम है। उन्होंने 2017 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग के एक मुकाबले में रंगापुर राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह कारनामा किया था।



**लीजेंड्स लीग का यह दूसरा सीजन होगा:** इस साल लीजेंड्स लीग का दूसरा सीजन खेला जाएगा। पहला सीजन गौतम गंभीर की कप्तानी में इंडिया कैपिटल्स ने जीता था। इंडिया कैपिटल्स ने भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से हराकर ट्रॉफी जीती थी। इस साल टूर्नामेंट की शुरुआत 18 नवंबर को रांची में गौतम गंभीर की कप्तानी वाली इंडिया कैपिटल्स और इरफान पठान की कप्तानी वाली भीलवाड़ा किंग्स के बीच उद्घाटन मैच के साथ होगी।


### 5 शहरों में होंगे मुकाबले

लीजेंड्स लीग क्रिकेट का यह सीजन भारत के पांच शहर रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में होगा। सीजन की शुरुआत रांची में जेएससीए स्टेडियम में पहले पांच मैचों से होगी। सीजन में नॉकआउट स्टेज के मुकाबले सूरत में होंगे, इसमें सेमीफाइनल 5 दिसंबर और 6 दिसंबर को होंगे। सीजन का ग्रैंड फिनाले 9 दिसंबर को होगा। पिछले सीजन के 15 मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों में खेले गए थे। इस साल वर्ल्ड कप के चलते टियर-2 शहरों को मौका मिला हैं। एलएलसी 2023 सीजन में इंडिया कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, भीलवाड़ा टिगर्स और मणिपाल किंग्स के अलावा दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# अभिषेक और करिश्मा की लव स्टोरी थी 'हां मैंने भी प्यार किया'






डायरेक्टर धर्मेश दर्शन ने हां मैंने भी प्यार किया में अभिषेक बच्चन और करिश्मा कपूर के साथ काम करने के बारे में बात की है। डायरेक्टर ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों का ब्रेकअप हो गया था। उन्होंने ये भी बताया कि अमिताभ बच्चन ने फिल्म को लेकर निगेटिव कमेंट किया था, वहीं जया बच्चन को फिल्म बहुत पसंद आई थी। धर्मेश ने बताया, फिल्म हां मैंने भी प्यार किया एक मात्र ऐसी फिल्म है, जिसमें पहली बार अभिषेक और करिश्मा ने साथ में काम किया था। जब फिल्म में दोनों की कास्टिंग की गई थी, तब दोनों रिलेशनशिप में थे। मगर शूटिंग के दौरान दोनों का रिश्ता खत्म हो गया था। इस कारण करिश्मा बहुत परेशान रहती थीं। डायरेक्टर ने बताया- इससे पहले मैंने राजा हिंदुस्तानी में करिश्मा के साथ काम किया था। उस फिल्म की शूटिंग के दौरान वो बहुत खुश रहा करती थीं, काम पर पूरा फोकस रहता था। मगर पर्सनल प्रॉब्लम की वजह से वो हां मैंने भी प्यार किया की शूटिंग के वक्त खोई-खोई सी रहती थीं। मैं कोई सायकायट्रिस्ट नहीं था कि दोनों के बीच सुलह कराऊं। हां, मैंने दोनों का वर्जन जरुर सुन लेता था। डायरेक्टर धर्मेश ने आगे बताया कि अमिताभ बच्चन ने फिल्म की स्टोरी लाइन को पुराना बताया था। वहीं दूसरी तरफ जया बच्चन को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। करिश्मा कपूर और अभिषेक की लव स्टोरी तब की है जब एक्टर ने फिल्मों में डेब्यू तक नहीं किया था। दोनों की नजदीकियां अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता की शादी के दौरान बढ़ी थीं। दोनों ने साल 2002 में सगाई कर ली। जया बच्चन ने मीडिया को करिश्मा को बहू के रूप में मिलवाया था, लेकिन हैरानी की बात तो ये है कि जया खुद ही ये रिश्ता टूटने का कारण बनी थीं। जया बच्चन ने एक शर्त रख दी। जया की शर्त थी कि उनकी बहू शादी के बाद फिल्मों में काम नहीं करेगी, लेकिन करिश्मा और उनकी मां बबीता को ये मंजूर नहीं थी। यही कारण था कि सगाई के बावजूद दोनों का रिश्ता टूट गया।

# रणबीर बोले- ऑडियंस की पसंद-नापसंद को दिमाग में रखकर बन रही है फिल्म



रणबीर कपूर ने ब्रह्मास्त्र के दूसरे पार्ट पर बड़ा अपडेट दिया है। रणबीर ने कहा कि ब्रह्मास्त्र-2 की राइटिंग पर जोरो-शोरों से काम चल रहा है। डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने रणबीर को पिछले हफ्ते फिल्म की कहानी भी सुना दी है। रणबीर ने कहा कि ब्रह्मास्त्र-2 पहले पार्ट से 10 गुना बड़ी होगी। रणबीर का कहना है कि फिल्म की शूटिंग 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत में शुरू हो जाएगी। फिलहाल अयान वॉर-2 पर काम कर रहे हैं। रणबीर ने कहा कि पहले की तुलना में दर्शकों को बेहतर देखने को मिलेगा। पहली वाली गलतियों को दोहराया नहीं जाएगा। बता दें कि ब्रह्मास्त्र पार्ट-1 सितंबर 2022 में रिलीज हुई थी। फिल्म ने 431 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था।फैंस के साथ जूम इंटरेक्शन के दौरान रणबीर कपूर ने कहा- पहले पार्ट को लेकर काफी क्रिटिसिज्म हुआ। हम इसे समझ भी रहे हैं। ऑडियंस को क्या पसंद आएगा और क्या नहीं, इसे लेकर हम विचार कर रहे हैं।

# गुलजार ने तोड़ दी थी नसीरुद्दीन के बेटे की नाक



विशाल भारद्वाज ने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया है कि एक बार क्रिकेट खेलते वक्त उन्होंने नसीरुद्दीन शाह की नाक तोड़ दी थी। जिस कारण बहुत खून बहा था और नसीर साहब की सफेद शर्ट खून से पूरी तरह लाल हो गई थी। विशाल के इस हरकत से नसीर साहब बहुत गुस्सा भी हुए थे और उन्हें गालियां भी दी थी। विशाल ने आगे उस वक्त के बारे में भी बताया जब गुलजार साहब ने नसीरुद्दीन शाह के बेटे को चोट पहुंचाई थी। बेटे इमाद के साथ नसीरुद्दीन शाह। इमाद ने 404, यूं होता तो क्या होता जैसी फिल्मों में एक्टिंग की है। एक्टिंग के अलावा वो बतौर म्यूजिशियन भी जाने जाते हैं। विशाल ने नसीर साहब के साथ अपने संबंधों के बारे में बात की। उन्होंने क्रिकेट से जुड़ी एक याद को शेयर करते हुए कहा कि वो एक बार नसीर साहब के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। नसीर साहब उस टीम के शानदार विकेट कीपर और वो स्टार गेंदबाज थे। उन्होंने कहा कि जब भी वह तेज गेंदबाजी करते थे तो कीपर को सचेत कर देते थे। हालांकि उस दिन नसीर साहब ने उनकी चेतावनी नहीं सुनी। फिर जब उन्होंने गेंदबाजी की तो वो सीधे नसीर साहब के नाक पर जाकर लगी।



**मेट्रो बाजार**

# सीमेंट कॉरपोरेशन के एजीएम बोले- घर महंगे होने की वजह सिर्फ सीमेंट नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

सीमेंट कंपनियों ने कच्चे माल की बड़ी हुई कीमतों का हवाला देकर एक महीने में ही दाम 13त्न तक बढ़ा दिए हैं। नतीजतन उत्तर-पूर्व समेत देश के कई हिस्सों में सीमेंट की 50 किलो की बोरी 400 रु. में मिलने लगी है। हालांकि, कई हिस्सों में दाम अभी 382 रु. तक चल रहे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि सीमेंट कंपनियों ने जिस आयातित कोल और पेटकोक के दाम बढ़ने का हवाला देकर सीमेंट महंगा किया है, वह सस्ता हुआ है। और तो और पिछले एक साल में कच्चे माल के दाम 50 फीसदी तक घट चुके हैं। जबकि, सीमेंट एक साल में 65 रुपए प्रति बोरी, यानी 20 फीसदी महंगा हो चुका है। इससे कंपनियों की बैलेंस शीट मजबूत हुई है। इसके बावजूद सीमेंट कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता का 65 फीसदी ही उपयोग कर रही हैं। 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में घोषित परिणामों के अनुसार, कंपनियों का मार्जिन 18 फीसदी तक बढ़ा है। मार्जिन का निर्धारण लागत और उत्पादन की क्षमता के अंतर से होता है। दूसरी ओर, आम लोगों के लिए घर बनाना महंगा हुआ है। मोतीलाल ओसवाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में सीमेंट कंपनियों की कमाई 808 रुपए से बढकर 905 रुपए प्रति टन हो गई है। पेटकोक की कीमत पिछले साल 61 हजार रुपए प्रति टन थी, जो इस साल 24 फीसदी तक नीचे आई। दूसरी ओर, आयातित कोल के दाम अब 135-140 डॉलर/टन हैं, जो अक्टूबर 2022 में 270 डॉलर टन थे। यानी, यह भी सस्ता हो चुका है। देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक की बिक्री 16 फीसदी बढ़ी है। सीमेंट कंपनियों का मुनाफा दूसरी तिमाही में 50 फीसदी बढ़ा है। वजह यह है कि बिजली और ईंधन की लागत घटने से मार्जिन बेहतर हुआ है। एसीसी और अंबुजा जैसी कंपनियों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है।

# डिज्नी-रिलायंस के बीच जल्द हो सकती है बिग डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की मास मीडिया कंपनी वॉल्ट डिज्नी की मुकेश अंबानी के रिलायंस ग्रुप के साथ मल्टी बिलियन डॉलर डील जल्द ही फाइनल हो सकती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डिज्नी इस डील में भारत में अपने टेलीविजन और स्ट्रीमिंग बिजनेस एसेट्स को रिलायंस को बेचेगी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने अंबानी के अलावा डिज्नी की गौतम अडाणी, सन टीवी के मालिक कलानिधि मारन और कुछ प्राइवेट इक्विटी फर्म से भी इस मल्टी बिलियन डॉलर एंटरटेनमेंट डील के लिए बातचीत चल रही थी। हालांकि, अब यह डील मुकेश अंबनी के हाथ लगने वाली है। इस डील के साथ ही मुकेश अंबानी की कंपनी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में टॉप लीडर बनकर उभरेगी। इस मामले से जुड़े लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि इस डील के बाद रिलायंस को डिज्नी स्टार बिजनेस में कंट्रोलिंग स्टेक्स मिल जाएंगे, जिसकी एस्टिमेटेड वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर यानी 83,163 करोड़ रुपए है। डिज्नी की इस बिजनेस में फिर माइनॉरिटी स्टेक्स यानी मामूली हिस्सेदारी रह जाएगी। रिलायंस का मानना है कि यह एसेट्स 7 बिलियन डॉलर से 8 बिलियन डॉलर के बीच की वैल्यू के हैं। दोनों कंपनियों द्वारा अगले महीने इस अधिग्रहण की घोषणा किए जाने की उम्मीद है।

नए खुलासे के आसार

# बच्चों के अपहर्ता गिरोह का इंटरनेशनल मानव तस्कर गिरोह से कनेक्शन!

## कन्यापूजन के नाम पर अपहरण का मामला: महिला डॉक्टर की तलाश में दिल्ली रवाना हुई पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मासूम बच्चियों के अपहरण के मामले में गिरफ्तार गिरोह का अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह से कनेक्शन मिला है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 महीने की एंजल और ढाई साल की अकीरो नामक बच्ची को भी बरामद किया है। आरोपियों का कहना है कि यह दोनों बच्चियां उन्हें एक महिला डॉक्टर ने अपने पास रखने के लिए दी थी। यह बात झूठ निकली। दरअसल, आरोपियों के मोबाइल की जांच में यह बात सामने आई कि उसी महिला डॉक्टर के साथ अगवा की गई बच्चियों के सौदे की चर्चा हुई है। डाक्टर की तलाश के लिए एक टीम दिल्ली रवाना हो चुकी है।

बताया जाता है कि पूछताछ में आरोपी ज्यादा सहयोग नहीं कर रहे हैं, लेकिन पुलिस जांच में उनके तार अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़ते नजर आ रहे हैं। न्यायालय में पेश करने के बाद सभी को रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस का अनुमान है कि गिरोह के अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़े होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बरामद हुई दोनों छोटी बच्चियों के फोटो और हुलिए की जानकारी सार्वजनिक की जा रही है, ताकि उनके परिजनों का पता लगाया जा सके। तब तक के लिए सीडब्ल्यूसी की मदद से बच्चियों को सुरक्षित रखा जाएगा। इस गिरोह की मास्टर माइंड अर्चना सैनी है जो पति से विवाद के बाद उसे छोड़कर मुंबई में रह रही थी। अर्चना की मैट्रीमोनियल साइट पर निशांत नामक युवक से दोस्ती हुई थी। दोनों लिवइन में रह रहे थे। निशांत केरल का है और मुंबई तथा गोवा में काम करता था। मुस्कान नामक युवती बाराबंकी उत्तर प्रदेश की रहने वाली है।

### 60 घंटे की मशक्कत के बाद मिली सफलता

उल्लेखनीय है कि कर्फ्यू वाली माता मंदिर के सामने से शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे दो महिलाओं ने 11 महीने की दीपावली और 8 साल की बच्ची काजल का अपहरण कर लिया था। दोनों सगी बहनों का अपहरण होने के बाद पुलिस ने इलाके में लगे करीब 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और करीब 60 घंटे की मशक्कत के बाद कोलार रोड स्थित पॉश कालोनी इंग्लिस विला सोसायटी से दोनों बच्चियों के सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में यहां रहने वाली अर्चना सैनी (36), उसके लिवइन पार्टनर निशांत (31), बेटे सूरज (19), नाबालिग बेटी और बेटे सूरज की गर्लफ्रेंड मुस्कान (20) को गिरफ्तार किया गया था। अपहृत बच्चियों के अलावा परिवार के पास 3 महीने की एंजल और ढाई साल की अकीरो भी मिली थी।



मिसरोड में बने बीआरटीएस कॉरीडोर के अंदर हुआ हादसा

# पैदल सड़क क्रॉस कर रहे बुजुर्ग को स्कूटर ने टक्कर मारी, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। मिसरोद इलाके में सड़क क्रास करते समय स्कूटर सवार ने पैदल व्यक्ति को टक्कर मार दी। गंभीर घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। इस हादसे में स्कूटर सवार को भी चोट आई थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले स्कूटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक गोपाल पाटीदार (49) मदन मार्केट के पीछे मिसरोद में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार की रात करीब बारह बजे वह शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बनी झांकी पर बैठे हुए थे। इसी बीच बीआरटीएस कारीडोर के अंदर गाड़ी टकराने की आवाज आई। वह और झांकी पर मौजूद अन्य लोग पहुंचे तो पता चला कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़े हैं, जो उनकी बुआ के बेटे रघुनाथ पाटीदार (63) थे। पास ही उन्हें टक्कर मारने वाला स्कूटर चालक भी गिरा मिला। गोपाल और उनके साथियों ने तत्काल ही दोनों को इलाज के लिए एम्बुलेंस के मदद से निजी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान बीती रात रघनाथ पाटीदार की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले घायल स्कूटर चालक का इलाज चल रहा है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कार चालक ने पहले बाइक को टक्कर मारी फिर युवक को पीटा और भाग निकला

ऐशबाग इलाके में एक कार चालक ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। बाइक चालक ने जब ठीक से गाड़ी चलाने का बोला तो चालक ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी और कार लेकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद जैद (20) बैंक नगर कालोनी अशोका गार्डन में रहता है और दसवीं कक्षा में पड़ता है। सोमवार रात करीब 9 बजे वह मोटर सायकिल से फातिमा बी मस्जिद के पास सामान लेने आया था। वापस लौटते समय अब्दुल कलाम पार्क के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही जैद जमीन पर गिरकर घायल हो गया और बाइक का मास्क भी टूट गया। उसने कार चालक को ठीक से गाड़ी चलाने का बोला तो चालक गाली-गलौज करने लगा। जैद ने जब गाली देने से मना किया तो चालक नीचे उतरा और उसके साथ मारपीट कर दी। उसके बाद वह कार लेकर मौके से भाग निकला। जैद ने कार का अधूरा नंबर देखकर पुलिस को बताया है। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल आरोपी कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट और मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया गया है।




## ब्रेकर पर धीमी हुई कार को आयसर ट्रक ने मारी टक्कर

मुबारकपुर के पास ब्रेकर पर धीमी हुई एक कार को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आयसर ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई है, लेकिन कार को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस के मुताबिक हरिशंकर यादव (31) जयराज नगर, नंदबाग, बाणगंगा इंदौर में रहते हैं और स्कूल का संचालन करते हैं। सोमवार को वह अपने परिवार के साथ कार से लखनऊ से इंदौर लौट रहे थे। कार उनके साथी राकेश दुबे चला रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे वह विजय अस्पताल के सामने बायपास रोड मुबारकपुर पहुंचे, तभी ब्रेकर राकेश ने कार धीमी की। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आयसर ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार में सवार किसी को चोट नहीं आई, लेकिन कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कांच टूट गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कमला नगर में पुलिसकर्मी के शासकीय आवास का ताला तोड़कर 7 लाख के जेवरात चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कमला नगर में रहने वाले एक पुलिस कर्मचारी के शासकीय आवास का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब 7 लाख सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय वह अपने गृहनगर चले गए थे। पड़ोसियों से ताला टूटने की सूचना मिलने के बाद घर पहुंचे तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे जेवरात समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक राहुल लोवंशी (29) पुलिस मुख्यालय की ट्रेनिंग शाखा में स्टिकमैन हैं। वह भदभदा रोड स्थित पुलिस रेडियो कालोनी के शासकीय आवास में पत्नी के साथ रहते हैं। पिछले दिनों उनकी पत्नी रागिनी मायके चली गई थी। बीती 19 अक्टूबर को राहुल ड्यूटी गए और शाम करीब सात बजे पुलिस मुख्यालय से निकलने के बाद वह अपने गृहनर सिवनी मालवा चले गए। सोमवार सुबह पड़ोसियों ने घर ताला टूटा होने की जानकारी दी तो वह वापस घर लौटे तो मकान का ताला टूटा मिला और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी भी टूटी हुई अंदर का लॉकर उखड़ा पड़ा था। लॉकर में रखे सोने चांदी के सारे जेवरात और अन्य घरेलू सामान गायब था। बताया जाता है कुछ समय पहले ही राहुल की शादी हुई थी। पत्नी ने सारे जेवरात अलमारी में रखे थे। चोरी गए जेवरातों की कीमत करीब 7 लाख रुपये आंकी जा रही है। हालांकि पत्नी के लौटने पर ही जेवरातों की संख्या, वजन और कीमत का सही खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित झरनेश्वर मंदिर के पास बाणगंगा में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार शाम उसकी लाश घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी थी। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि महिला का कुछ दिनों से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। एएसआई दिनेश खजुरिया ने बताया कि माया पति भैयालाल दाहिमा झरनेश्वर मंदिर के पास, बाणगंगा टीटी नगर में रहती थी। वह गृहणी हैं और उसके तीन बच्चे हैं। पति होटल जेहनुमा में नौकरी करता हैं। पति मंगलवार शाम ड्यूटी पर था, जबकि घर में माया और बच्चे थे। बच्चें पास ही झांकी में गए हुए थे, तभी माया ने फांसी लगा ली। बच्चे झांसी से शाम करीब छह बजे लौटे तो उन्होंने मां की लाश फांसी के फंदे पर देखकर शोर मचाया था। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पति समेत रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी। पुलिस को माया के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि माया का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। पति उसका इलाज भी मनौचिकित्सक के पास करा रहा था।

# निर्माणाधीन मकान में चौकीदार ने की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित जी-टू गुलमोहर कॉलोनी में मंगलवार शाम निर्माणाधीन मकान में चौकीदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथी मजदूर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। मृतक के परिजन विदिशा से भोपाल पहुंच चुके हैं। आज उन्हें



पीएम के बाद शव सौंपा जाएगा। एसआई हरीश गुर्जर भोज ने बताया कि ब्रजेश कुशवाह पिता रूप सिंह (25) मूलत-गांव सरखंडी, थाना कुरवई, जिला विदिशा का रहने वाला था। वह अमित शर्मा के निर्माणाधीन मकान जी टू मकान नंबर 197, गुलमोहर में रहकर चौकीदारी कर रहा था। निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने वाले निखलेश अहिरवार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम वह मकान पर पहुंचा था। इस दौरान उसने ब्रजेश की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख मकान मालिक अमित शर्मा को सूचना दी थी। वे अपने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन मृतक के पास और घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि ब्रजेश शराब पीने का आदी था और उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर जा चुकी थी।

**मेट्रो एंकर** | चल समारोह व विसर्जन चलते मार्ग परिवर्तित

# आज और कल बदला रहेगा यातायात, इसलिए इन रास्तों से ना गुजरें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** चल समारोह और प्रतिमा विसर्जन के चलते यातायात पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्सन किया है। यह डायवर्सन 25 और 26 नवंबर यानी आज और कल प्रभाव में रहेगा। चल समारोह-मार्ग-नादरा बस स्टैंड हमीदिया रोड से प्रारंभ होकर अल्पना टॉकिज तिराहा, भारत टॉकीज तिराहा, सेन्ट्रल लायब्रेरी, इतवारा चैराहा, गणेश चोक मंगलवारा, गल्ला मण्डी हनुमानगंज, छोटे भैया चैराहा, जनकपुरी, जुमेराती, पुराना पोस्ट ऑफिस, सिंधी मार्केट, पीरगेट, मोती मस्जिद, रेतघाट, कमला पार्क से होकर कमलापति घाट पर समापन होगा। कुछ दुर्गा प्रतिमा एवं झांकिया अपनी स्वेछा से प्रेमपुरा घाट के लिए जायेगी जिनका पॉलिटेक्निक चैराहा, स्मार्ट सिटी रोड से भारत माता चैराहा, 23 वाहिनी के सामने से भदभदा चैराहा होते हुए प्रेमपुरा घाट समापन होगा।

**चल समारोह-मार्ग -2:** भारत टॉकीज से शुरू होकर सेन्ट्रल लायब्रेरी, काली मंन्दिर, लिली टॉकीज चैराहा, पुलिस मुख्यालय के गेट के सामने से खटलापुरा घाट पर समापन होगा। कुछ दुर्गा प्रतिमा एवं झांकिया अपनी स्वेछा से प्रेमपुरा घाट के लिये जायेगी जिनका पुलिस कंट्रोल रूम, थाना अरेरा हिल्स राजभवन तिराहा, थाना टी0टी0 नगर, रोशनपुरा चैराहा, रंगमहल चैराहा, जवाहर चोक, भारत माता चैराहा,23 वाहिनी के सामने से भदभदा चैराहा से प्रेमपुरा घाट समापन होगा। प्रमुख विसर्जन स्थल-बैरागढ़ घाट, कमला पति घाट, खटलापुरा घाट, हथाईखेडा घाट एवं प्रेमपुरा घाट पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

**आवश्यकतानुसार यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार परिवर्तित रहेगी:** - सभी प्रकार के अनुमति प्राप्त बिना अनुमति प्राप्त भारी वाहन खजूरी सडक, मुबारकपुर, लाम्बा खेड़ा चैराहा, एयरपोर्ट चैराहा, करौंद चैराहा, भानपुर चैराहा, पटेल नगर, 11 मील, रत्नागिरी से आगे शहर में प्रवेश प्रतिबंधित होने के कारण रोक दिया गया।

- इन्दौर, सीहोर आदि स्थानों से आने एवं जाने वाले वाहन शाम छह बजे से खजूरी बायपास, मुबारकपुर वायपास से होते हुए गांधीनगर, करोंद चैराहा, बेस्ट प्राइज तिराहा, भानपुर पुल, मीनाल होकर अपने गंतव्य को जा सकेगें।

- शहर से इंदौर, सीहोर आने एवं जाने वाले माध्यम वाहन झागरिया, रातीबड़, नीलबढ, भदभदा चैराहा, होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगें।

- नये शहर से कारोंद, भानपुरा, पुराने शहर की ओर जाने मध्यम वाहन एमपीनगर, सुभाष नगर ब्रिज, प्रभात चैराहा , जेके रोड , मीनाल होकर आवागमन कर सकेंगे ।

- आज शाम पांच बजे से सभी प्रकार के सिटीबस/मैजिक/चार पहिया वाहन भारत टॉकीज चैराहा, अल्पना तिराहे, नादरा बस स्टेण्ड चैराहा एवं भोपाल टाकीज चैराहे के मध्य प्रतिबंधित रहेंगे। यह वाहन भारत टॉकिज से अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैण्ड से भोपाल टॉकिज की ओर नहीं आ-जा सकेंगे।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022